हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 38.9 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री



## खबर संक्षेप

### दुर्ग से गुजरेगी एलटीटी सांतरागाछी समर स्पेशल



**भिलाई।** गाड़ी संख्या 01041 /01042 एलटीटी सांतरागाछी समर स्पेशल 17 से 26 अप्रैल तक 2-2 फेरों के लिए चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 01041, 17 अप्रैल और 24 अप्रैल को प्रत्येक शुक्रवार को एलटीटी से 11.30 बजे रवाना होकर मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए 1.35 बजे नागपुर, 3.28 बजे गोंदिया, 5.30 बजे दुर्ग, 6 बजे रायपुर, 8:05 बजे बिलासपुर, 12.10 बजे झारसुगुड़ा होते हुए राउरकेला, टाटानगर, खड़कपुर होते हुए अगले दिन 20:30 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01042 सांतरागाछी- एलटीटी समर स्पेशल 19 एवं 26 अप्रैल को सांतरागाछी से 5:30 बजे रवाना होकर खड़गपुर, टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला होते हुए 12.40 बजे झारसुगुड़ा, 16:05 बजे बिलासपुर, 18:10 बजे रायपुर, 19:05 बजे दुर्ग, 21:38 बजे गोंदिया, 00:35 बजे नागपुर, हुए इस रूट के स्टेशनों पर होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी 12:30 बजे पहुंचेगी। यह गाड़ी विभिन्न श्रेणी के 22 एलएचबी कोचेस के साथ 21 स्टेशनों पर ठहरेगी। यात्री एनटीईएस और रेल वन ऐप, 139 पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### 13 दिनों में 192 गुमशुदा लोग बरामद

**भिलाई।** ऑपरेशन तलाश के तहत दुर्ग पुलिस ने 13 दिनों में 192 गुमशुदा व्यक्तियों को सुरक्षित बरामद किया है। जानकारी के अनुसार यह अभियान 1 अप्रैल से 13 अप्रैल तक चलाया गया था। अभियान के दौरान बरामद किए गए लोगों में 5 बालक, 9 बालिकाएं, 127 महिलाएं और 51 पुरुष शामिल हैं। इन सभी को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा गया, जिससे परिवारों में खुशी और सुकून का माहौल देखने को मिला। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटाई गई। इस अभियान में जिले के सभी थाना प्रभारियों, विवेचना अधिकारियों, तकनीकी टीम और पेट्रोलिंग स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति के गुम होने पर तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 पर सूचना दें, ताकि पुलिस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई कर सके।

## आयुक्त के लगातार दौरे के बाद भी ठेकेदार कर रहे लोहा सीमेंट की धड़ल्ले से चोरी

# 46 लाख की सड़क नाली में बड़ा भ्रष्टाचार, सच्चाई उजागर हुई तो ईई ने नोटिस जारी कर की खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*भिलाई नगर निगम के द्वारा शहर के विकास में जितने भी निर्माण हो रहे हैं उनमें से अधिकतर में लोहा सीमेंट की चोरी कर घटिया निर्माण किया जा रहा है। कैलाश नगर वार्ड 21 में ऐसा ही कुछ भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। जैसे ही लोगों ने घटिया निर्माण की शिकायत मीडिया में की निगम के ईई ने ठेकेदार को नोटिस जारीकर अपने कार्य की पूर्ति कर ली।*

हरिभूमि पड़ताल

आपको बता दें भिलाई नगर निगम के जोन 2 द्वारा मुख्य मंत्री नगरोत्थान योजना से कैलाश नगर वार्ड 21 में 46 लाख रुपए की लागत से महावीर मार्ग का सीमेंटीकरण और नाली निर्माण कराया जा रहा है। निगम ने यह ठेका मेसर्स गौरी बिल्डर्स को दिया है। ठेकेदार इस समय नाली का निर्माण कर रहा है। उसने अपने कर्मचारियों से नाली के लिए बनने वाले लोहे की जाली को 4 फिट की दूरी में रॉड बांधने का निर्देश दिया है। जब वहां जाकर मिस्त्री से पूछा गया तो उसने कहा 4 दूरी में रॉड बांधने से नाली तुरंत टूट जाएगी, इसलिए वो लोग दो-दो फिट की दूरी में रॉड को बांधकर नाली की सीमेंट से ढलाई कर रहे हैं।



1



2



3

### क्या है निमय

पीडब्ल्यूडी नॉम्स के मुताबिक जब कोई भी लोहे की जाली बनाई जाती है तो निर्धारित मानक के लोहे के रॉड को एक फिट की दूरी में रखकर वायर से बांधा जाता है। यदि इससे अधिक दूरी रखी गई तो जाल सीमेंटीकरण के बाद लोड नहीं ले पाएगा और नाली कुछ ही साल में टूट जाएगी।

### बिना इंजीनियर्स की निगरानी के हो रहा काम

जब इस मामले की जानकारी भिलाई नगर निगम की जोन आयुक्त याशा लहरे, पीआरओ और कार्यपालन अभियंता और इंजीनियर्स से पूछा गया तो सभी ने हाथ खड़े कर दिए और जानकारी होने से मना कर दिया। इससे साफ है कि इतने बड़े निर्माण की मॉनीटरिंग जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा नहीं की जा रही है।

### नहीं लगाया गया बोर्ड

पीडब्ल्यूडी नॉम्स के मुताबिक कोई भी निर्माण करने से पहले ठेकेदार को साइट में एक बोर्ड लगाना पड़ता है, जिसमें निर्माण, उसकी लागत और ठेकेदार व अधिकारियों के नंबर सहित जानकारी दी जाती है। इससे यदि निर्माण में कोई गड़बड़ी होती है तो स्थानीय जनता ठेकेदार या अधिकारी से इसकी शिकायत कर उस कमी को दूर करा सकते हैं, लेकिन यहां ठेकेदार ने कोई बोर्ड नहीं लगाया है।

### घटिया निर्माण के निरीक्षण से आयुक्त को रखा जाता है दूर

भिलाई नगर निगम के आयुक्त राजीव पाण्डेय ऐसे अधिकारी हैं, जो हर दिन सुबह मॉर्निंग वॉक निरीक्षण के साथ करते हैं। उनकी हर निरीक्षण की खबर भी पीआरओ द्वारा जारी की जाती है, लेकिन अधिकारी भी इतने चतुर हैं कि आयुक्त को वहीं निरीक्षण के लिए जाते हैं, जहां कुछ सही काम होता है। लीपापोती वाली जगह आयुक्त को पता ही नहीं चलती है।

### ईई ने जारी किया नोटिस

भिलाई निगम जोन 2 के कार्यपालन अभियंता ने 13 अप्रैल को घटिया निर्माण को लेकर ठेकेदार गौरी बिल्डर्स को नोटिस जारी किया है। उसमें उन्होंने साफ लिखा है कि उनके द्वारा नाली का निर्माण निर्धारित एनआईटी प्राकलन के मुताबिक नहीं किया जा रहा है। नाली में पर्याप्त मात्रा में रिइंफोर्समेंट नहीं पाया गया है। ईई ने नाली को तोड़कर फिर बनाने का निर्देश तो दिया, लेकिन ठेकेदार के ऊपर ना तो पैनाल्टी लगाई गई न ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की गई।

# आपसी विवाद के दौरान की गई मारपीट से युवक की मौत

- इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम
- दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/अंडा

दुर्ग जिले के अण्डा थाना क्षेत्र से एक गंभीर वारदात सामने आई है, जहां मामूली आपसी विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार दोनों आरोपियों को महज तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी के खिलाफ धारा 103, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

घटना 12 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे की है। ग्राम खाड़ा के स्कूल पारा में रहने वाले शम्भू निषाद उर्फ देवचरण, उम्र लगभग 45 वर्ष, अपने गांव आए हुए थे। इसी दौरान उनका गांव के ही संतोष कुमार यादव उम्र 44 वर्ष, और रोहित कुमार यादव उम्र 42 वर्ष के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर शम्भू निषाद के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। हाथ-मुक्कों और लातों से की गई इस पिटाई में शम्भू को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान 13 अप्रैल को डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर थाना अण्डा में हत्या का मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत टीम गठित की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। त्वरित घेराबंदी करते हुए पुलिस ने संतोष कुमार यादव को कुथरेल क्षेत्र से और रोहित कुमार यादव को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।






# 2.5 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- राजा तालाब के पास पुलिस ने दी दबिश, 1.26 लाख की सामग्री जब्त, सप्लायर भी गिरफ्तार



जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जामगांव आर पुलिस ने ग्राम बटरेल में राजा तालाब के पास गांजा बिक्री कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.500 किलोग्राम गांजा और नगदी रकम जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 1,26,300 रुपए आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शिव मंदिर के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रेड कार्रवाई को अंजाम दिया।

कार्रवाई के दौरान आरोपी ताराचंद देवांगन (52 वर्ष) निवासी ग्राम बटरेल को मौके से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से प्लास्टिक बोरी में रखा 2.500 किलो गांजा और 1,300 रुपए नगद बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने गांजा देवानंद सोनवानी से खरीदना बताया। इसके बाद पुलिस ने पतासाजी कर दूसरे आरोपी देवानंद सोनवानी (25 वर्ष) निवासी ग्राम अरकार, जिला बालोद को भी गिरफ्तार कर लिया।दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(2)(बी) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस मामले में अन्य संभावित लिंक और सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है।

### कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में विवाद, पुलिस ने दर्ज किया काउंटर अपराध

**भिलाई।** कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जामुल थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। हाऊसिंग बोर्ड भिलाई निवासी सुच्चा सिंह उम्र 70 ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 13 अप्रैल को उनकी कार घर के सामने रोड में पार्क की थी। उनके पड़ोसी संदीप शर्मा अपनी कार से मेरी कार को ठोकर मारा। उसके बाद संदीप शर्मा घर के पास आकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने संदीप शर्मा, दीपक शर्मा, सतवीर तथा अन्य लोगों पर धारा 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया। वहीं दूसरी और पुलिस ने दीपक शर्मा उम्र 31 की रिपोर्ट पर मंजीत सिंह, हरप्रीत सिंह व अन्य के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। दीपक शर्मा ने पुलिस को बताया कि 13 अप्रैल रात्रि लगभग 10 बजे अपने कार से घर आ रहा था। पड़ोसी मंजित सिंह की कार बीच रोड पर खड़ी थी। बार-बार हार्न बजाने पर भी गाड़ी नहीं हटाने पर अपनी कार को घर की तरफ मोड़ा। तब उसकी खड़ी कार में हल्का स्क्रेच आ गया। इसी बात को लेकर मंजीत सिंह हरप्रीत सिंह और अन्य गाली देने लगे।

### आरटीई की लॉटरी 18 को

**भिलाई।** आरटीई के तहत गरीब वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। पहली लॉटरी 18 अप्रैल को निकलेगी। दुर्ग जिले में 1427 सीटें है। जिसमें पहले चरण के लिए 1900 बच्चों का आवेदन अनुमोदित किया गया है।

## सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई

**अड्डेबाजी पर शिकंजा कसने पुलिस ने चलाया स्पेशल अभियान**

# सार्वजनिक स्थलों पर शराबखोरी पर सख्ती, तीन दिन में 46 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जिले में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन और अड्डेबाजी पर लगाम कसने के लिए दुर्ग पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। 11 से 13 अप्रैल के बीच चले इस अभियान में कुल 46 लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस के मुताबिक, यह अभियान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया, ताकि सार्वजनिक स्थलों पर शांति व्यवस्था बनी रहे और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। इस दौरान छावनी थाना क्षेत्र में सबसे अधिक 8 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि पुलगांव में 7 और नेवई में 6 लोगों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा नंदिनी नगर और जामुल में 4-4, मोहन नगर और उतई में 3-3, पाटन, वैशाली नगर, भिलाई नगर और पद्मनाभपुर में 2-2 तथा सुपेला, खुर्सीपार और नगपुरा चौकी में 1-1 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इसी तरह लगातार निगरानी और सख्ती जारी रहेगी। सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन और अड्डेबाजी जैसी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे कानून का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की गतिविधियों से दूर रहें, ताकि शहर में शांति और व्यवस्था बनी रहे।




## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों ने संविधान पर रखे विचार

**दुर्ग।** शा पूर्व माध्य शाला चीचा विख धमधा में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के साथ ही कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने संविधान पर अपने व्यक्तव्य दिए। जिसमें दिव्याकां वर्मा, गुंजन निर्मलकर, दिव्या वर्मा, भुवन वर्मा, ताम्रज पटेल और शिक्षक संतोष कुमार ने भी संविधान के अनुच्छेद, भाग, मौलिक अधिकार और जीवनी पर विचार रखें। डॉ. भीमराव आंबेडकर के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता परीक्षा का शुभारंभ किया गया। परीक्षा में आंबेडकर की जीवनी, संविधान संबंधित, शिक्षा, समाज में नये विचार, नारी शिक्षा जैसे प्रश्नों का समावेश किया गया, जिससे विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं को समझने में आसानी हो सकें।

### विकास कार्यों के लिए 10.50 लाख की स्वीकृति

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए कुल 10 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक देवेंद्र यादव द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, भिलाई नगर के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इसमें वार्ड क्रमांक 52, स्ट्रीट नंबर 3, सेक्टर 4 स्थित हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 2 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार, वार्ड क्रमांक 69, सेक्टर-9 भिलाई गोल मार्केट में स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 2.50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। अन्य विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 70 हुडको कॉलोनी से वाय शेप ब्रिज तक लगे खंभों में रोप लाइट लगाने आदि कार्य शामिल हैं।

## गौठान से बघेरा तक सफाई अभियान, तालाब होंगे साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के तालाबों की सफाई में आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सराहनीय पहल की गई है। निगम की पॉन्ड क्लीनर मशीन ने 48 घंटे के भीतर गौठान के समीप स्थित तालाब की सफाई कर उल्लेखनीय कार्य किया है।

यह कार्य महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल एवं विद्युत प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार के मार्गदर्शन में, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद के नेतृत्व में टीम ने मशीन के माध्यम से




तालाब के बीच तक पहुंचकर जलकुंभियों को प्रभावी रूप से बाहर निकाला।

पॉन्ड क्लीनर मशीन की विशेषता यह है कि जो कार्य मैन्युअल रूप से करना अत्यंत कठिन और समय साध्य होता है, उसे यह मशीन बेहद कम समय में आसानी से पूरा कर देती है। सामान्यतः 10 दिनों में होने वाला कार्य यह मशीन मात्र 2 दिनों में पूर्ण करने की क्षमता रखती है।

गौठान तालाब की सफाई के पश्चात मशीन को तत्काल ढोंगिया तालाब, वार्ड 56 बघेरा में स्थानांतरित कर सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। निगम द्वारा आगामी दिनों में शहर के सभी प्रमुख तालाबों की सफाई इसी मशीन के माध्यम से किए जाने की योजना है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। पॉन्ड क्लीनर मशीन के माध्यम से तालाबों की सफाई तेज और प्रभावी ढंग से हो रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## पीएम आवास परियोजना का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा निगम के अधिकारियों एवं ठेकेदारों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने एएचपी साइट का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं गति पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित कार्यों को मई माह तक हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या



देरी को गंभीरता से लिया जाएगा।आयुक्त ने निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों द्वारा अपने अंशदान की पूर्ण किश्त जमा कर दी गई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास का आधिपत्य पजेशन प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं हितग्राहियों से सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही ठेकेदारों को कार्य में तेजी लाने, पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने तथा समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। आयुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, और इसका लाभ समय पर दिलाना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

### 25 तक लोकल और 30 अप्रैल तक पांचवी-आठवीं परीक्षा का रिजल्ट करना है घोषित

# शिक्षकों की प्रशिक्षण ड्यूटी, 5वीं-8वीं बोर्ड और लोकल परीक्षाओं के रिजल्ट की तैयारी प्रभावित

**पिछले एक महीने से चल रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

जनगणना के साथ ही विषय आधारित प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए सिरदर्द बन गया है। पांचवीं-आठवीं बोर्ड और लोकल परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन और रिजल्ट तैयार करने का कार्य चल रहा है। ऐसे में शिक्षकों को जनगणना और विषय आधारित प्रशिक्षण में शामिल होना अनिवार्य किया गया है। जिसकी वजह से मूल्यांकन कार्य प्रभावित हो रही है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं को बोर्ड की तर्ज पर केंद्रीयकृत परीक्षा ली है। इसी तरह जिला शिक्षा विभाग ने पहली से लेकर चौथी, छठवी, सातवीं और नवमी, ग्याहरवीं की परीक्षाएं आयोजित करवाई। इन परीक्षाओं को समय पर पूरा कर लिया गया है। लेकिन उत्तरपुस्तकाओं का मूल्यांकन कार्य व रिजल्ट बनाने की तैयारी चल रही है।


फाइल फोटो

### एफएनएल प्रशिक्षण सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य

एससीईआरटी और डाईट अछोटी के द्वारा दुर्ग जिलेभर के शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए पत्र जारी किया गया है। यह पत्र सर्वशिक्षा अभियान ने जारी किया है। जिसमें संकुल समंवयकों व प्राचार्यों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने संकुल क्षेत्र के प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में शामिल करवाएं। मिडिल स्कूलों के शिक्षकों को भी यह प्रशिक्षण दिया जाना है। अलग-अलग तिथि में यह प्रशिक्षण अप्रैल महीने में होना है। हाल ही में जनगणना कार्य संबंधी प्रशिक्षण भी शिक्षकों को मिला।

### जनगणना में दूसरे विधानसभा में शिक्षकों की ड्यूटी

जनगणना कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है लेकिन उनकी ड्यूटी लगना शुरू हो गई है। शिक्षकों ने बताया कि ड्यूटी लगाने में ऐसी विसंगति सामने आई है कि जिस स्थान पर शिक्षक पदस्थ है या निवासरत है तो वहां के बजाय दूसरे विधानसभा क्षेत्र में ड्यूटी लगाई गई है। यानी शिक्षकों को जनगणना करने के लिए कई किलोमीटर दूर आना और जाना पड़ेगा। मसलन दुर्ग विधानसभा का शिक्षक पाटन विधानसभा या वैशालीनगर विधानसभा में जाकर ड्यूटी देगा।

### केंद्रीयकृत परीक्षा का रिजल्ट होंगे घोषित

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचवी और आठवीं केंद्रीयकृत परीक्षा का रिजल्ट 30 अप्रैल तक घोषित करने की तिथि निर्धारित की है। इसी तरह लोकल परीक्षाओं की सभी कक्षाओं का रिजल्ट 25 अप्रैल तक देना है। लोकल कक्षाओं साहित नवमी और ग्यारहवीं का रिजल्ट 24 अप्रैल तक तैयार करना है। ताकि 25 अप्रैल को परिणाम घोषित किया जा सके। शिक्षकों ने बताया कि इस समयावधि के पहले न केवल उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करनी है बल्कि रिजल्ट भी तैयार करना है। दोनों की काम चल रहे हैं। लेकिन बीच जणगणना प्रशिक्षण चला और अब सर्वशिक्षा अभियान द्वारा विषय आधारित प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण में यदि शामिल नहीं हुए तो सीधे नोटिस भेजा जा रहा है। कार्रवाई तक की चेतावनी दी गई है। मौजूदास्थिति में रिजल्ट में देरी होने की नौबत आने लगी है।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पहली सामान्य डिलीवरी रही सफल





हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनाए गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और उप स्वास्थ्य केंद्रों में सामान्य प्रसव को बढ़ावा दिया जा रहा है।

खंड चिकित्सा अधिकारी (शहरी) चरोदा, भिलाई-3 डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया ने इस विषय पर बैठक ली, जिसमें संस्थानों में प्रसव सेवाओं को मजबूत करने पर चर्चा की गई। इसी पहल के तहत भिलाई-3 के समीप स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में वित्तीय वर्ष का पहला सामान्य प्रसव सफलतापूर्वक कराया गया। यह डिलीवरी स्वास्थ्य संयोजिका संध्या वर्मा द्वारा संपन्न कराई गई। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि प्रत्येक केंद्र को हर महीने कम से कम तीन सामान्य प्रसव कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसका उद्देश्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों पर बढ़ते डिलीवरी के दबाव को कम करना है। उन्होंने यह भी कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं और स्टाफ पूरी तरह प्रशिक्षित है। यहां प्रसव कराने से हितग्राहियों को निजी अस्पतालों के भारी खर्च से भी राहत मिल रही है। सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिखर अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस वर्ष चरोदा, देवबलोदा, सोमनी और सिरसा कला के संस्थानों को पूरी तरह सक्रिय कर सामान्य प्रसव की सुविधा शुरू की जाएगी।

■ सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में सामान्य प्रसव को बढ़ावा

## जन जागरुकता अभियान में निषाद समाज ने किया दहेज प्रथा खत्म करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निषाद समाज के दुर्ग जिला संगठन युवा एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा संचालित सामाजिक संदेश जन जागरूकता अभियान का द्वितीय बैठक ग्राम कोड़िया में हुई। जिसमें समाजिक संदेश जन जागरूकता अभियान के तहत दाह संस्कार पर कपड़ा न देकर सहयोग राशि देने पर विचार किया गया।

■ दाह संस्कार में सहयोग राशि देने पर विचार

दहेज़ प्रथा को समाप्त करने का आव्हान किया गया। समाजिक जन जागरूकता से प्रेरणा लेकर दुर्ग शहर विधानसभा परिक्षेत्र द्वारा बोरसी दुर्ग निवासी निर्धन परिवार के दो बेटियों की शादी प्रदेश एवं जिला निषाद समाज के विभिन्न पदाधिकारियों के सहयोग से जिला निषाद समाज कार्यालय पुलगांव भवन में 28



अप्रैल को शादी करने पर प्रस्ताव रखा गया। साथ ही समाज के सभी माता-पिता को अपने बच्चों को साइबर ठगी के बढ़ती मामलों को लेकर व पढ़ाई करने वाले बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए अवगत कराया। कार्यक्रम में भगवान श्री रामचंद्र भाई लक्ष्मण सीता एवं राम जी के अन्य सखा महाराजा गुहा निषाद राज गंगा पार करने वाले नत्था केवट छायाचित्र चित्र पर माल्यार्पण पुजा अर्चना कर शुरुआत हुई। पश्चात युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद ने जन जागरूकता अभियान के सभी 14 विषयों पर सामाजिक शिक्षा धर्मांतरण सामाजिक नियमावली एवं राजनीति भागीदारी आरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरूक किया तथा नशा मुक्त रोजगार एवं आत्मनिर्भर सामाजिक कार्यक्रमों में आदर्श विवाह एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। सचिव संतोष जलतारे ने छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के छात्रवृति परीक्षा 2026 के संदर्भ में दिया गया। इस अवसर जिला अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद, संतोष जलतारे, मल्लेश, बिरेंद्र कुमार निषाद, भीम सिंह निषाद, विनोद निषाद, धनवंती निषाद, मथुरा निषाद आदि मौजूद थे।

## नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

**दुर्ग।** जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों का निर्धारण किया गया है, जहां मतदाता सूची का अवलोकन और दावा-आपत्ति की प्रक्रिया संपन्न होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 जुनवानी के लिए तहसील कार्यालय भिलाई को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय बनाया गया है। इसी प्रकार, नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 02 रुआबांधा उत्तर एवं वार्ड क्रमांक 39 एनएसपीसीएल पुरैना के लिए नगर पालिक निगम कार्यालय रिसाली को अधिकृत किया गया है। जनपद पंचायत दुर्ग के रिक्त वार्डों तिरगा, भोथली, बोरई, कोटनी, उमरपोटी के लिए जनपद पंचायत कार्यालय दुर्ग, जनपद पंचायत धमधा के वार्डों रूहा, पथरिया, लहंगा, नंदवाय, करेली के लिए जनपद पंचायत कार्यालय धमधा को केंद्र बनाया गया है। जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत आने वाले वार्डों सुरपा, तुलसी, मानिकचौरी, कसही, गोडपेन्ड्री, भनसुली के, गोरिद, गातापार और जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र पाहंदा अ, सांकरा के लिए जनपद पंचायत कार्यालय पाटन को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात, नागरिक अपनी आपत्तियाँ या नाम जुड़वाने के लिए आवेदन 20 अप्रैल, अपरान्ह 3 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके लिए पात्र व्यक्ति संबंधित वार्डों में स्थापित मतदान केंद्रों पर जाकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

■ 20 अप्रैल तक प्रस्तुत कर सकेंगे दावा-आपत्ति

## आईएचएसडीपी उरला में लो प्रेशर से पेयजल संकट, टैंकर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 58 स्थित आईएचएसडीपी उरला के 80 एवं 81 नंबर ब्लॉक में लंबे समय से लो प्रेशर के कारण उत्पन्न पेयजल संकट को लेकर निगम प्रशासन सक्रिय हो गया है। महापौर अल्का बाघमार के मार्गदर्शन में शहर में पानी की समस्या दूर करने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र का निरीक्षण किया और जल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गर्मी के दिनों में बढ़ती पानी की खपत तथा सिकोला टंकी से सप्लाई लाइन की दूरी के कारण पानी का प्रेशर कम हो रहा है, जिससे घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है और रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जल कार्य प्रभारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हैंडपंपों के जल स्तर की जांच कर बोरलाइन से पानी उपलब्ध कराने जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी कार्य करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वार्ड 58 की पार्षद रेशमा सोनकर भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जल कार्य प्रभारी ने क्षेत्र की महिलाओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल संकट के स्थायी समाधान के लिए निगम प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसके तहत क्षेत्र में स्थित हैंडपंपों की जांच कर उनमें मोटर पंप लगाने तथा प्रत्येक क्वार्टर में सार्वजनिक नल के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की योजना पर भी विचार किया गया। आने वाले समय में इन उपायों को लागू कर क्षेत्रवासियों को नियमित जल आपूर्ति उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने आश्वस्त किया कि समस्या के स्थायी निराकरण के लिए आवश्यक तकनीकी उपाय शीघ्र किए जाएंगे।

## एनएसयूआई ने किया स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश शुल्क लेने का विरोध

**दुर्ग।** एनएसयूआई में प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग के नेतृत्व में दुर्ग में



जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि पिछली कांग्रेस शासन काल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों जिसमें शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रवेश शुल्क लागू किए जाने के निर्णय को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों की तर्ज पर निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना था। वर्तमान में बढ़ती महंगाई के दौर में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के परिवारों के लिए 410 और 445 रूपए का अतिरिक्त शुल्क भी एक बड़ा आर्थिक बोझ साबित होगा। शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया गया है कि जनहित और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को तत्काल वापस लेने के लिए राज्य शासन को मांगों से अवगत कराएं, ताकि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा की निरंतरता बनी रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से तिरुपति युवा चंद्राकर, तुषार कुमार, पीयूष सिन्हा, मयंक देशमुख, दीप बंजारे, कैलाश साहू, मृदुल सिंह, अभय देशलहरा, निशांत राव एवं अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### एनडीए की जीत सुनिश्चित करने कर रहे सघन संपर्क

# बंगाल में मंत्री गजेंद्र कर रहे चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग


पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में एनडीए की विजय सुनिश्चित करने मंत्री गजेन्द्र यादव इन दिनों बंगाल में सक्रिय रूप से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वे दुबराजपुर, जमुरिया और रानीगंज विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में माहौल बना रहे हैं।

■ छग मॉडल की तर्ज पर बंगाल में भी विकास का दावा

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव गांव-गांव, बाजारों, सामाजिक



संगठनों और आम नागरिकों के बीच पहुंचकर सीधे संवाद कर रहे हैं। उनकी सक्रियता से चुनावी माहौल में तेजी आई है और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। वे विशेष रूप से युवाओं, व्यापारियों एवं महिला समूहों से संवाद कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं। चुनावी प्रचार के दौरान मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इसी तर्ज पर यहां भाजपा सरकार बनाकर बंगाल में भी विकास और सुशासन का नया अध्याय शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा और आम जनता को भ्रष्टाचार मुक्त, जवाबदेह शासन मिलेगा।



शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/-
माँ कामख्या बगुलामुखी उपासक विगत चालिस वर्षों से स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामख्या बगुलामुखी की असीम कृपा साधना द्वारा ज्योतिष शास्त्र सम्बन्धित कम्प्यूटर द्वारा जन्मकुण्डली देखते एवं बनाते है। ग्रहों की महादशाओं के शुभ-अशुभ परिणाम आते है। आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधी कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा पिशाच दोष, गुप्त शत्रु बाधा, ग्रहण दोष आदि सभी समस्या हेतु पूजा अनुष्ठान बगुलामुखी साधना द्वारा सर्व समस्या हेतु सम्पर्क करें।
विशेष - भक्तगण उच्चाटन, आकर्षण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया जाता है।
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम 04 बजे से 07 बजे तक
पता : श्री दुर्गा माँ बगुलामुखी ज्योतिष कार्यालय, धमधा नाका चौक, सुर्या होटल के सामने, दुर्ग (छ.ग.) मो.:8109922001

# जंजगिरी डैम की हालत जर्जर, सहेजें तो आसपास के गांव के किसानों को मिलेगी राहत

## सीमेंटीकरण में पड़ चुकी है दरार, नींव के पत्थर भी हुए कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत जंजगिरी दुर्ग से अंडा जंजगिरी मुख्य सड़क मार्ग से लगे ग्राम पंचायत जंजगिरी गांव में खेती रकबा 2000 हेक्टर है। यहां मुख्य सड़क मार्ग से लगा बड़ा नाला जंजगिरी डैम से जुड़ा है। इस डैम का निर्माण लगभग 35/40 वर्ष पूर्व आस पास के ग्राम वासियों को एवं किसानों को खेत की सिंचाई के लिए जल व्यवस्था हेतु कराया गया था। लेकिन आज यह जर्जर अवस्था में है।

डैम की चारदीवारी और बांध की सीमेंटीकरण में दरार आ चुकी है। बांध के किनारे में सीमेंटीकरण निकलने से नीव के पत्थर ढह गए और यहां बढ़े बड़े गड्ढे हो गए



है। जिससे बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जंजगिरी डैम से आसपास के ग्रामवासियों को एवं किसानों को खेत सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो जाती थी, अब वह प्रशासन की अनदेखी के चलते फाइलो में दब चुका है। जंजगिरी ग्राम पंचायत के पंच नरेंद्र देशमुख ने बताया कि जंजगिरी ग्राम का डैम की लंबाई लगभग तीन किलोमीटर के तहत चिरपोटी, पाऊवारा, कातरों मातरो, देहान तक और रिसामा तक पानी भराव रहता है। जिससे कि चार पांच गांव के किसानों को खेती एवं निस्तारी के लिए पानी मिल जाया करता है, जो की वर्तमान में डैम की स्थिति खराब होने के कारण डैम में पानी का पर्याप्त भराव नही हो पा रहा है और ना ही डैम की चारदीवारी की सीमेंटीकरण सुसज्जित होने से जल का जमाव। जिससे कि किसानों को और ग्राम वासियों को पर्याप्त पानी नही मिल पा रहा है। पंच नरेंद्र देशमुख ने बताया कि जंजगिरी गांव का रकबा 2000, चिरपोटी का रकबा 2000, रिसामा गांव का रकबा 5000 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए पानी पलोया जाता है। इस जंजगिरी डैम की चारदीवारी की सीमेंटीकरण सुसज्जित एवं आस पास के ग्राम वासियों एवं किसानो को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगी। नरेंद्र देशमुख ने कहा कि क्षेत्रीय दुर्ग जिला ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर हाल ही में एक लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए थे जिसमे उन्होंने जंजगिरी डैम की चारदीवारी की सीमेंटीकरण सुसज्जित एवं संवर्धन कराने की मांग किया है, पूर्व वर्ती सरकारों ने इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया अब क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस दिशा में वह ध्यान देकर जंजगिरी डैम की चारदीवारी सीमेंटीकरण एवं संवर्धन की मांग को पूरा करे। ग्राम पंचायत जंजगिरी के पंच नरेंद्र देशमुख, परसराम ठाकुर, रघुवर देशमुख, हेमंत देशमुख, एवं ग्रामवासी आशीष देशमुख, यामनी देशमुख पिंटू साहू, इंद्र कुमार उपस्थित होकर जंजगिरी डैम का संवर्धन कराने की मांग शासन से की है।

## बंदर के करंट की चपेट में आने के बाद हुआ हादसा

# जिला सहकारी बैंक ओटेबन्द शाखा में आग, लाखों का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ओटेबन्द शाखा में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे अचानक आगजनी की घटना से हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बैंक के पास लगे ट्रांसफार्मर में एक बंदर के करंट की चपेट में आने से आग भड़क उठी। ट्रांसफार्मर से उठी लपटों का असर पास स्थित बैंक भवन तक पहुंची और कुछ ही देर में बैंक के अंदर से धुआं निकलने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल बैंक की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई और इसकी सूचना बैंक प्रबंधक आर.के. यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, धनेश चंद्राकर, थाना गुण्डरदेही तथा अग्निशमन विभाग बालोद और दुर्ग को दी गई।

सूचना मिलते ही बैंक कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बैंक का मुख्य द्वार खोलकर अंदर रखे प्राथमिक अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान दुर्ग से दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई और सभी के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। घटना के बाद थाना गुण्डरदेही के टीआई बोरकर और एसडीओपी बागड़े अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। वहीं, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष नरेश यदु भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। उनके साथ अर्जुंदा मंडल अध्यक्ष जीतू विश्वास, गुमान यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### महत्वपूर्ण दस्तावेज और नकदी पूरी तरह सुरक्षित



बैंक प्रबंधक आर.के. यादव ने बताया कि इस आगजनी में 3 कंप्यूटर, 3 सीपीयू, फोटोकॉपी प्रिंटर, पासबुक प्रिंटर, बैंक काउंटर, सीसीटीवी कैमरा और पूरी विद्युत वायरिंग जलकर खाक हो गई है। हालांकि राहत की बात यह रही कि बैंक के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज और नकदी पूरी तरह सुरक्षित हैं।

घटना के चलते बैंक का लेन-देन कार्य अगले चार दिनों तक बंद रहेगा। इस दौरान किसान और ग्राहक अपने लेन-देन के लिए नजदीकी शाखाओं अंडा और गुण्डरदेही का उपयोग कर सकेंगे। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## विकास ही अमलेश्वर की संस्कृति और पहचान : सांसद विजय बघेल



**पाटन।** सांसद विजय बघेल ने अमलेश्वर नगर पालिका परिषद में लगभग 3 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सांसद बघेल ने कहा कि अमलेश्वर में राजधानी क्षेत्र के अनुरूप योजनाबद्ध विकास पर जोर दिया जा रहा है, ताकि सुविधाओं का सीधा लाभ आम जनता को लंबे समय तक मिलता रहे और यह क्षेत्र विकसित हो। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने निर्माण कार्यों के साथ - साथ जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के लिए पालिका प्रशासन को साधुवाद दिया। भाजपा अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की योजना और विकास परख नीतियों के चलते एक साथ 3 करोड़ रुपए के भूमिपूजन को महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया।

इस अवसर पर नगर पालिका अमलेश्वर के अध्यक्ष दयानंद सोनकर, लोक निर्माण विभाग प्रभारी एवं पार्षद डॉ आलोक पाल, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, पीआईसी से रामेश्वरी ठाकुर, सोहन निषाद, राजू सोनकर, खूबीराम सोनकर एवं कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीति गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप अभियंता प्रवीण कुमार साहू, ढालेंद्र ठाकुर, अतीक अजीम, प्रमोद देवांगन, नीलकंठ वर्मा, सचिन नासरे, रोहित कुमार पटेल, राहुल शुक्ला, धनंजय सोनकर सहित पालिका के समस्त कर्मचारियों की सहभागिता रही।

### ढौर में भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई



**सेलूद।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से ढौर में मनाई गई। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद आडिल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की जहाँ जाति, धर्म या लिंग के आधार पर कोई भेदभाव न हो। आयोजन में गोदावरी आडिल, काशीराम, दीपा, देव कुवर और पूजा तुरकाने उपस्थित थे।

## राजपुर में अवैध खनन का बड़ा खुलासा

# राजपुर से प्रशासन ने जब्त किए 120 ट्रक पत्थर गहराई तक उत्खनन पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर में लंबे समय से जारी अवैध पत्थर खनन के मामले ने अब बड़ा रूप ले लिया है। प्रशासन द्वारा की गई हालिया कार्रवाई में करीब 120 ट्रक पत्थर जब्त किए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में खनन गतिविधियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय स्तर पर पहले से ही यह आरोप लगते रहे हैं कि क्षेत्र में बिना वैध लीज खनन, अवैध भंडारण और नियमों की अनदेखी करते हुए बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जा रहा है, जिससे शासन को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है।

मामले की जांच के लिए पहुंचे नायब तहसीलदार द्वारा ग्राम पंचायत राजपुर में दो पत्थर खदानों के संचालन की पुष्टि की गई, जिनमें से एक खदान वैध पाई गई, जबकि

- स्थानीय प्रशासन की कार्यवाही और जिला खनिज विभाग की उदासीनता

दूसरी की वैधता अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि वास्तविक स्थिति इससे कहीं अलग है और मौके पर कई अन्य खदानें भी संचालित हो रही हैं, जो जांच के दायरे में नहीं आ पाई हैं। इस विरोधाभास ने जांच की पारदर्शिता और व्यापकता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जांच के दौरान खसरा नंबर 178/2, 178/3 और 179 स्थित खदान में लगभग 13 मीटर यानी करीब 42 फीट गहराई तक उत्खनन पाया गया। खनन नियमों के अनुसार सामान्यतः सीमित गहराई तक ही उत्खनन की अनुमति होती है और इससे अधिक गहराई के लिए स्वीकृत खनन योजना तथा पर्यावरणीय अनुमति अनिवार्य होती है। ऐसे में इतनी अधिक गहराई तक खुदाई पाए जाने से यह आशंका बलवती हो रही है कि कहीं न कहीं नियमों का उल्लंघन किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की गहरी खुदाई न केवल अवैध हो सकती है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं और पर्यावरणीय क्षति का खतरा भी बढ़ जाता है।

इसी क्रम में प्रशासन ने अवैध पत्थर भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पारधी पारा से 50 ट्रक, नागा बाबा मंदिर रोड से 50 ट्रक तथा बांध के आसपास से 20 ट्रक पत्थर जब्त कर पंचायत को सुपुर्द किया है। यह पूरी कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा के निर्देशन में की गई, जिसे अब तक की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। इसके बावजूद स्थानीय लोगों में यह असंतोष बना हुआ है कि अभी भी कई प्रभावशाली लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई है और अवैध खनन का नेटवर्क पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।



### जिला प्रशासन और खनिज विभाग चुप्पी साधी

इस पूरे मामले में जिला प्रशासन और खनिज विभाग फिलहाल चुप्पी साधे हुए हैं, जबकि स्थानीय प्रशासन स्तर पर कार्रवाई जारी है। ऐसे में खनिज विभाग दुर्ग की कार्यप्रणाली पर भी गहरे सवाल उठने लगे हैं। यह प्रश्न अब चर्चा का विषय बन गया है कि आखिरकार इतने बड़े स्तर पर अवैध खनन गतिविधियों के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा समय रहते सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई और अब तक इस पर प्रभावी नियंत्रण क्यों नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से क्षेत्र में यह गतिविधियां जारी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा समय पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिसके कारण अवैध खनन को बढ़ावा मिला। अब जब मामला उजागर हुआ है, तो लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष और व्यापक जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि किन खदानों को वैध अनुमति प्राप्त है, कहां अवैध खनन हो रहा है और इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं। फिलहाल प्रशासन की इस कार्रवाई ने अवैध खनन के बड़े नेटवर्क की ओर संकेत जरूर किया है, लेकिन जब तक पूरी सच्चाई सामने नहीं आती और सभी जिम्मेदारों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं होती, तब तक राजपुर का यह मामला थमने वाला नहीं है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर आगे कितनी सख्ती और पारदर्शिता के साथ कदम उठाता है।

### जांच जारी रहेगी

" जानकारी के बाद जांच की गई जिसमें पत्थर का अवैध भंडारण पाया गया। जब्ती की कार्रवाई की गई, आगे विधिवत जांच जारी रहेगी।

**सोनल डेविड,** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा

## अंचल की खबरें

### अंबेडकर ने की थी जातिविहीन समाज की कल्पना : भूपेश



**कुम्हारी।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने ऊँच-नीच, छुआछूत से परे जातिविहीन समाज की कल्पना की थी। इसके लिए उन्होंने लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ली। बुद्ध की करूणा की जरूरत ट्रंप और नेतन्याहू को भी है। आज देश को गुलामी से बचाने के लिए हमें बाबा साहब के संविधान की रक्षा करनी होगी। पंचशील बुद्ध विहार कुम्हारी में अंबेडकर जयंती के अवसर पर भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन ने उक्ताशय का विचार रखा। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष केक काटकर बौद्ध समाज को अंबेडकर जयंती की बधाई दी। उन्होंने बौद्ध समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया। सुबह कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा तथा वार्ड क्र. 9 के पार्षद लेखराम साहू ने पंचशील झंडा फहराकर कार्यक्रम का आगाज किया। श्रीमती मीना वर्मा ने बाबा साहब की जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि हमें बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए देश और समाज का कल्याण करना है। भारतीय बौद्ध महासभा की अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे के नेतृत्व में उपासक-उपासिकाओं ने सामूहिक पंचशील ग्रहण कर, पूजा-वंदना की। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला और बुद्ध के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मंच से राकेश पाण्डेय, इमरान रिजवी, आयुषी पाण्डेय, अश्वनी देशलहरे, रागिनी निषाद आदि प्रबुद्ध नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। दोपहर को खेलकूद का आयोजन रखा गया, जिसमें महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी। संध्या पंचशील बुद्ध विहार शिवनगर से संगठन सचिव किशन बोरकर के नेतृत्व में रैली निकाली गई, जो कुम्हारी के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः बुद्ध विहार में विसर्जित हुई। रात्रि निरामिष मैत्री भोज का आयोजन रखा गया, जिसमें बौद्ध समाज के साथ नगर के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

### गबदी में बाबा साहेब की जयंती मनाई



**जामगांव आर।** डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती गबदी में मंगलवार को आयोजित की गई। मुख्य अतिथि दरबारमोखली भाजपा मंडल मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा थे। अध्यक्षता सरपंच संगीता शर्मा ने की। अतिथियों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यातिथि सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा ने कहा कि बाबा साहब ने विकास में शिक्षा के योगदान को समझा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत गब्दी के सरपंच श्रीमती संगीता शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन समाज के दबे कुचले वर्गों महिलाओ एवम श्रमिको के लिए समर्पित कर दिया। समारोह में ईश्वर लाल यादव उपसरपंच गब्दी जागेश्वर यादव, कुलेश्वर यादव, सरिता कुंजम, नंदनी साहू, राजकुमारी साहू, शमीन सेन, बिझों बाई ठाकुर, रत्ना बाई, पद्मा बाई, तोरण कुंजम, बिरेन्द्र नेताम, राजकुमार चेलक, कविता चेलक, राघवेन्द्र शर्मा, नीलकंठ यादव, धनेश्वर साहू, हेमेन्द्र ध्रुव, ओमेन्द्र निर्मल, पन्ना लाल यादव और लाला राम आदि उपस्थित थे।

### उतई मंडल भाजपाइयों ने मनाई अम्बेडकर जयंती



**उतई।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ग्राम पंचायत डूमरडीह के पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंती की पूर्व संध्या पर कल प्रातःग्राम पंचायत खोपली भवन के सामने स्थल की साफ-सफाई की गई तथा सायंकाल काशीडीह मिनीमाता चौक पर मिनीमाता की प्रतिमा की साफ सफाई एवं दीप प्रज्वलित कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। इस माल्यार्पण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री प्रवीण यदु, चंदू देवांगन, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा उतई मंडल प्रभारी श्वेता यादव आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### दुष्कर्म के आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग

**उतई।** नगर पंचायत उतई के बंजारी पारा में हुए 5 वर्ष की अबोध बालिका का शोषण एवं हत्या के प्रयास जैसे सघन्य अपराध के विरुद्ध आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने जिला ईकाई ने मांग रखी। आरोपी को फांसी की सजा दी जाए एवं उनके घर में बुलडोजर चलाने मांग की गई। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर ही उचित कार्यवाही की बात कही। थाना प्रभारी के माध्यम से गृहमंत्री छत्तीसगढञ शासन तक बात रखने आवेदन दिया गया, साथ ही दुर्ग जिला पुलिस अधीक्षक के नाम भी ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दुर्ग शुभम सिंह बमभोले, जिला बालोद दिनेश मेश्राम, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील बम्बोड़े, युवा प्रकोष्ठ दिगेश्वर अंगारे, जिला सचिव शशि अग्रवाल, धनराज सोनवानी, मूलचंद चोपड़िया, जितेंद्र मेश्राम,पऊवारा अध्यक्ष हरीश पटेल, भिलाई अध्यक्ष मनोज कामड़े, सुरेंद्र कामड़े, पीयूष सिंह, नीरज कामड़े, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उतई विमला कामड़े, अनिता कौशिक, लता अंगारे, लीला अग्रवाल, भुनेश्वरी अग्रवाल, ममता महार एवं समाज प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीगण, सदस्य मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत सेलूद में मनाई अंबेडकर जयंती



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलुद में डॉं भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयन्ती मनाई गई। सरपंच खिलेश मारकंडे ने डॉ. अंबेडकर के कार्यों को याद किया। इस अवसर पर सचिव हुपेन्द्र साहू, हलधर देवांगन, रेणुका कुर्रे, लोकेश्वरी बघेल, तुलेश्वरी साहू, सविता ठाकुर, गंगा साहू, सरोज और दीपिका साहू आदि उपस्थित थे।

### प्याऊ घर का शुभारंभ



**सेलूद।** बाजार चौक सेलुद में ग्राम पंचायत सेलुद के सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने किया। इस अवसर पर सचिव हुपेन्द्र साहू, तारेंद बंछोर, बीरेंद्र साहू, केशव मानिकपुरी, रामू, रेणुका, हेमा देवांगन, मुन्ना साहू और चुन्नु मानिकपुरी सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### निधन

### डेरहा राम साहू

**सेलूद।** ग्राम फेकारी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक डेरहा राम साहू



(81) का आकस्मिक निधन हो गया। वे श्यामा बाई साहू के पति थानेश्वर साहू के पिता, राहुल, नीरज, डिम्पल, गरिमा एवं पार्थ साहू के दादा थे। अंतिम संस्कार के मौके पर गाँव समाज व परिवार के लोगों बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री मेहंदी भाई समनानी आ. स्व. जमाल भाई समनानी निवासी : करीमाबाद हाउसिंग सोसायटी, महाराजा चौक, बोरसी रोड दुर्ग, तहसील व जिला - दुर्ग की ओर से पाये हुवे अधिकार व निर्देश के सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा योगेश कुमार देशमुख व खोमेन्द्र देशमुख दोनों आ. स्व. हरिहर प्रसाद देशमुख, श्रीमति इन्दु देशमुख पति स्व. हरिहर प्रसाद देशमुख निवासीगण : ग्राम-निकुम, प.ह.नं. 33, तहसील व जिला-दुर्ग के शामिलात भूमिस्वामी हक व आधिपत्य की ग्राम - निकुम, प.ह.नं. 33, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1096/2 रकबा 1.14 हे., को उपरोक्त भूमिस्वामियों से क्रय करने का सौदा किया गया है और शीघ्र ही उपरोक्त सौदाशुदा भूमि को विक्रेतागण द्वारा बंधक से मुक्त कराये जाने के बाद मेरे पक्षकार द्वारा बचत प्रतिफल देकर विक्रेतागण से विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना है इसलिए इस आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के सौदाशुदा भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर या दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय के पते पर करें, अन्यथा उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् मेरा पक्षकार सौदाशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराने के लिए अग्रसर हो जावेगा।

सूचना जाने।

दिनांक : 13/04/2026

**हरेकृष्ण तिवारी (अधिवक्ता)**
निवास एवं कार्यालय : फरिश्ता काम्पलेक्स के सामने, पटरीपारा, स्टेशन रोड दुर्ग (छ.ग.)

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।






# लाखों खर्च कर लगाई स्ट्रीट लाइट को उद्घाटन का इंतजार, एक दिन जली बाकी दिन अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टेशन मरोदा ओवरब्रिज के आखिरी छोर से लेकर नेवई तक मुख्य मार्ग में लाखों रुपए खर्च कर स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है। हनुमान जयंती के दिन इस स्ट्रीट लाईट को चालू की गई और उसके बाद से यह आज तक बंद है। लोगों को अंधेरे में आवागमन करना पड़ रहा है। इस स्ट्रीट लाईट का विधिवत उद्घाटन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के हाथों होना है। लेकिन अभी तक समय तय नहीं हो पाया है कि कब उद्घाटन होगा। हनुमान जयंती के दिन बिजली विभाग वालों ने इसे ट्रायल के रूप में प्रारंभ किया था।

**स्टेशन मरोदा ओवरब्रिज के आखरी छोर से नेवई तक लगाई गई है स्ट्रीट लाइट**


हनुमान जयंती के दिन इस तरह रोशन हुई थी स्ट्रीट लाइट।


अब यहां छाया हुआ है अंधेरा। लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी।

### मुख्य मार्ग पर अंधेरा, दुघर्टना का खतरा

रहवासियों की मांग पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करवाई है। फंड भी विधायक ने उपलब्ध करवाए। यह सड़क दुर्ग,उतई, पाटन, अमलेश्वर, रायपुर, अभनपुर, धमतरी को जोड़ता है। इन दिनों कुम्हारी के पास निर्माण कार्य होने की वजह से मरोदा -उतई -फुंडा होते हुए रायपुर आवागमन का डायवर्ट रूट भी यह है। जिसकी वजह से इस मार्ग पर स्ट्रीट लाईट का अब तक शुरू नहीं होने से दुघर्टना का खतरा है। ओवर ब्रिज के नीचे छोर से उमरपोटी, पाउवारा होते हुए अंडा बालोद मार्ग भी जुड़ता है। लेकिन इस चौक पर अंधेरा छाया हुआ है। इस चौक पर एक गड्ढा भी है जो अंधेरे की वजह से दिखाई नहीं देता। यहां कई दुपहिया वाहन चालक गिर चुके हैं। लोग जोखिम लेककर अंधेरे में आवागमन करने मजबूर हैं।

## खबर संक्षेप



### आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की जान बचाई, हुए सम्मानित

**भिलाई/पाटन।** एक तरफ जहां आत्महत्या के मामले समाज के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं, वहीं पाटन क्षेत्र से एक राहत भरी खबर सामने आई है। यहां कुछ जनप्रतिनिधियों की सतर्कता और त्वरित निर्णय ने एक युवक की जान बचा ली।
इस सराहनीय कार्य के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया है। मामला 11 अप्रैल 2026 का है। थाना पाटन क्षेत्र के ग्राम खोरपा, वार्ड 14 निवासी 30 वर्षीय रवि ठाकुर ने सिकोला रोड किनारे बबूल की झाड़ियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्थिति को समझते हुए उन्होंने बिना देर किए युवक को फांसी के फंदे से नीचे उतारा, रस्सी काटी और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से युवक की जान बच गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने योगेश निक्की भाले, निशा सोनी, केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मलकर और चंद्र प्रकाश देवांगन को प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## सेक्टर नौ हास्पिटल व टाउनशिप में सुविधाए हों दुरुस्त

# बुनियादी और मेडिकल की समस्याओं के जल्द निदान के लिए यूनियनों ने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी प्रबंधन की उदासीनता के चलते संयंत्र और टाउनशिप में बढ़ रही समस्याओं से कर्मियों और हजारों रहवासियों की परेशानी बढ़ रही है। इस देखते हुए निदान के लिए यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। भिलाई इस्पात मजदूर संघ और बीएकेएस और एटक यूनियन ने अलग अलग विभाग प्रमुखों से मिलकर आवासीय, मेडिकल आदि सभी मुद्दों के जल्द निदान कर राहत दिलाने की मांग की है।

इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू मेडिकल प्रभारी सन्नीइप्पन सहित पदाधिकारियों ने सेक्टर 9 अस्पताल प्रभारी सीएमओ डॉ. विनीता द्विवेदी, डायरेक्टर डां. कौशलेंद्र ठाकुर व उदय कुमार के साथ बैठक

सेक्टर 9 अस्पताल में लोगों को होने वाली परेशानी से अवगत कराया। बताया कि स्वास्थ्य मित्र एप ओटीपी रजिस्ट्रेशन प्लांट के भीतर उपलब्ध नहीं होने और मरीजों को मेडिसिन रिपीट करते समय ओपीडी बुक में पुरा प्रिस्क्रिप्शन डाक्टर के द्वारा ने देकर सिर्फ हस्ताक्षर करके देने से भटकना पड़ रहा है। यूनियन ने कहा किसभी ओपीडी. में डाक्टर समय पर आएं और पूरे समय सेवाएं दे साथ ही मेन मेडिकल पोस्ट में हर समय दो डाक्टरों की उपस्थिति रहे ताकि दुर्घटना होने पर तत्काल इलाज मिल सके। सेक्टर नौ हास्पिटल में मुख्य सिटी स्केन मशीन की खराब होने से मरीजों को दूर जाना पड़ रहा है।

**भिलाई इस्पात मजदूर संघ व बीएकेएस ने प्रबंधन से की चर्चा**



### यह हैं प्रमुख मांगें

नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ को 15 दिनों का इंडक्शन ट्रेनिंग, कुछ विशेषज्ञ डाक्टरों का (डा. गुंजन, डा. प्रमोद राय) का टोकन बुकिंग आन लाइन नहीं हो पाता इसकी जांट कर इसमें सुधार किया जाए। हृदय रोग विशेषज्ञ एवं मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ जो एपैनलमेंट हास्पिटल से जेएलेन हास्पिटल में सेवाएं दे रहे हैं उनका अनुबंधितजो समय पर पुर्ननिर्धारित किया जाए। वार्डों में भर्ती के दौरान अटेंडेट सुविधा, थाइराइड क्लिनिक में डाक्टरों का अपाइंटमेंट आन लाइन रजिस्ट्रेशन के द्वारा हो और वार्डों में एसी एवं कूलर का जल्द से जल्द मरम्मत कर व्यवस्था किया जाए।

### जर्जर सड़कों की हो मरम्मत व कैंटीनों की गुणवत्ता सुधरे

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ और एटक यूनियन के पदाधिकारियों ने भी टाउनशिप में आवासीय सफाई पेयजल और सड़कों आदि की समस्याओं के जल्द निदान की मांग प्रबंधन से की। बीएकेएस यूनियन के पदाधिकारियों ने कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के मुख्य महाप्रबंधक, टीआर से मिलकर बीएसपी के कोक ओवन विभाग से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा की। बताया कि शौचालय और रेस्ट रूम की की पर्याप्त सुविधा नहीं होने से कर्मियों को दूर जाना पड़ रहा है। मशीनों के संचालन के लिए समुचित प्रशिक्षण का अभाव के साथ गर्मी में पेयजल की समस्या बढ़ रही है। जर्जर सड़कों की स्थिति, एचएमआई सिस्टम की अनुपलब्धता, कैंटीनों में साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता, तथा कंट्रोल रूम में इमरजेंसी एग्जिट की आवश्यकता आदि दुरुस्त किए जाने की मांग की। सीजीएम द्वारा निदान का आश्वासन दिया गया। इसके अलावा एटक यूनियन के वीके सोनी ने भी टाउनशिप में जर्जर आवासों और सड़कों के मरम्मत और पेयजल किल्लत तथा गंदे पानी की समस्या के जल्द निदान की मांग की।

# सेक्टर 7 में मिला पीलिया का एक नया मरीज, 13 संदेहास्पद लोगों का हुआ टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेक्टर 7 भिलाई में सड़क 37 में पीलिया प्रभावित क्षेत्रों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा 80 घरों में सर्वे किया गया। 13 शंकसपद मरीज का सेम्पल लिया गया। 1 मरीज नया मिला जिसे भर्ती के लिए सलाह दिया गया। 1 मरीज डिस्चार्ज हुआ है। अंशुल पिता एसआर एक्का 22/एम को भर्ती के लिए सलाह दिया गया। शिवम/जय प्रकाश 13/एम पुराना मरीज मिला।

### स्वास्थ्य अमले ने ब्लड सेंपल लिए

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रभावित क्षेत्र में 01 पीलिया से ग्रसित नए मरीज पहचान किये। इस प्रकार उक्त संक्रमित क्षेत्र में अब तक कुल 37 पीलिया के मरीज़ मिले। जिनमें 01 पुराने मरीज डिस्चार्ज हुए। इस प्रकार भर्ती मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस भिलाई में 3, पल्स हास्पीटल, भिलाई-1 में 1 उपचाररत है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

### पानी का पाइप लाइन बदला जा रहा

पानी नगर निगम भिलाई द्वारा सप्लाई किया जा रहा है, पाइप लाइन को बदला जा रहा है। बीएसपी भिलाई द्वारा जिला सर्वालेंस नोडल अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे, लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई के प्रभारी डॉ पीयाम सिंह ,विकास खंड प्रशिक्षण अधिकारी, हितेंद्र कोसरे भिलाई, राजेंद्र डाहरे रिसाली, विजय सेजुले, रोहित मंडले, पर्यवेक्षक, पंकज राठौर, पंकज सिंहा, प्रिंस पीयूष टंडन, रमा शंकर यादव, पंकज राठौर अनिल धीमर, उपस्थित रहे। क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट उपस्थित रहकर मरीजों का जांच एवं उपचार किया गया।

### पीलिया को लेकर आप ने सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** सेक्टर-7 और आसपास की श्रमिक बस्तियों में पीलिया के बढ़ते मामलों को लेकर अब सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे प्रायोजित नरसंहार तक करार दिया है और महापौर व स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से इस्तीफे की मांग की है। कहा है कि सेक्टर-7 की सड़कों 37 और 38 के करीब 145 क्वार्टर पीलिया की चपेट में हैं। स्थिति को गंभीर बताते हुए उन्होंने दावा किया कि 25 से अधिक बच्चे संक्रमित हैं, जिनमें से कई अस्पतालों में भर्ती हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। शहर में आज भी जर्जर और पुरानी पाइपलाइनों से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे बीमारियां फैल रही हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जसप्रीत सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, विजय अग्रवाल, कुलबीर सतपथी, रऊफ अंसारी, सूरज, हरचरण, देवेंद्र, डॉ. एसके अग्रवाल, अविनाश, अमजद अली, सोनू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# जनगणना कार्य के तौर-तरीके सीखे प्रगणकों ने, तकनीक पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत आगामी जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आधिकारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। इस कड़ी में जोन क्रमांक 4, खुर्सीपार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्वामी आत्मानंद स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण शिविर जोन आयुक्त सह चार्ज जनगणना अधिकारी अमरनाथ दुबे के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। खुर्सीपार क्षेत्र के लिए कुल 99 प्रगणकों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया था। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रगणकों को जनगणना के दौरान डेटा प्रविष्टि, प्रपत्र भरने की बारीकियों और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराना, ताकि गणना कार्य त्रुटिहीन हो सके। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन और गंभीरता बनाए रखने हेतु निगम प्रशासन पूरी तरह सख्त है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अन्य जोनों में भी इसी प्रकार चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# जल्द हो थोक सब्जी मंडी का स्थानांतरण, स्पीकर से मिले व्यवसायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई शहर की आकाश गंगा थोक सब्जी मंडी को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर सब्जी विक्रेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात करके अपनी बात रखी। उन्होंने उन्हें बताया कि सुपेला

- **कहा लोगों के हित की चिंता नहीं स्थानीय नेताओं को, दी आंदोलन की चेतावनी**

सब्जी मंडी में जगह कम होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है, इसलिए उन्होंने कृषि उपज मंडी की तर्ज पर राधिका नगर सुपेला थाने के पीछे नई जगह की मांग की है। जनता से जुड़ा मुद्दा होने के बाद भी स्थानीय नेता और अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई साल से उनकी मांग पर ध्यान ना देने से उन्हें मंडी बंद करके विरोध करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

सब्जी विक्रेता संघ ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिहं को ज्ञापन सौंपकर मंडी को कृषि उपज मंडी की तर्ज पर राधिका नगर (सुपेला थाना के पीछे) स्थानांतरित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वो इस मांग को लेकर कृषि विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री राम विचार नेताम, स्थानीय विधायक, निगम कमिश्नर, महापौर और कलेक्टर तक से गुहार लगा चुके हैं। मुख्यमंत्री के पास भी अपनी मांग रख चुके हैं।

मंडी समिति के अध्यक्ष रवि जॉन सिंह ने बताया कि वर्ष 2000 में पावर हाउस क्षेत्र में थोक एवं चिल्लर सब्जी मंडी को संयुक्त रूप से नगर निगम भिलाई द्वारा स्थापित किया गया था। उस समय लगभग 25 थोक और 300 चिल्लर विक्रेताओं को ध्यान में रखकर व्यवस्था बनाई गई थी, लेकिन वर्तमान में शहर की बढ़ती आबादी के कारण व्यापारियों की संख्या 110 से अधिक हो गई है, जिससे व्यवस्थाएं चरमरा गई है। विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि मंडी में रोजाना करीब 100 भारी वाहनों और 300 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का आवागमन होता है, लेकिन पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यातायात और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। इसके चलते किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है और मंडी परिसर में अव्यवस्था बनी रहती है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं को लेकर पिछले 10-11 वर्षों से शासन और जिला प्रशासन को लगातार अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। विक्रेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अनिश्चितकालीन रूप से अपने व्यापार को बंद कर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# भवन में कब्जा कर दुकान हो रही थी संचालित, नगर निगम ने हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भवन में कब्जा कर दुकान संचालित करने वालों के खिलाफ कारवाई की गई। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित एक भवन को कब्जा मुक्त कराया है। यह कार्रवाई निगम के जोन 3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में की गई जहां संबंधित भवन पर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर संचालन किया जा रहा था। राष्ट्रीय बौद्ध महासभा ने इस कब्जे की शिकायत की थी।

जोन-3 राजस्व विभाग एवं बेदखली की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद भवन को खाली कराते हुए उसे सील बंद कर अपने कब्जे में लिया। इस दौरान महिलाओं ने विरोध कर कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश भी की लेकिन आखिर में वे शांत हो गए। कब्जा मुक्त कराए गए भवन की चाबी विधिवत रूप से जोन 3 मदर टेरेसा नगर कार्यालय में जमा करा दी गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध कब्जों और अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार अधिकारियों को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि शहर में कानून व्यवस्था एवं नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस समारोह पर प्रदर्शन

# बीएसपी में तेज धमाके के साथ आग की लपटें, लोगों को बहादुर फायर फाइटरों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

एकाएक तेज धमाके साथ धू धू कर आसमान तक उठती आग की ऊंची लपटे... चारों ओर अफरातफरी.... और दहशत का माहौल और बचाओ बचाओ की चींख पुकार के बीच कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियां और मोर्चा संभालते फायर फाइटर..।

चौंकिए मत भिलाई इस्पात संयंत्र में आगजनी का यह कोई वास्तविक दृश्य नहीं बल्कि फायर ब्रिगेड सेवा दिवस पर बीएसपी के जंबो दमकल बेड़े द्वारा अग्नि हादसे पर बचाव और राहत का प्रदर्शन था। भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग द्वारा मेन गेट के निकट मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय फायर ब्रिगेड डे समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र थे। इस अवसर पर अग्निशमन कर्मियों द्वारा आकर्षक परेड, उत्कृष्ट अग्निशमन कर्मियों का सम्मान तथा अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों, उपकरणों और सुरक्षा संसाधनों व अग्नि-दुर्घटनाओं से निपटान का सजीव प्रदर्शन किया गया। श्री महापात्र ने अग्निशमन सेवा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परेड की सलामी ली, एवं गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। अग्निशमन कर्मियों को राष्ट्र एवं संयंत्र के प्रति सुरक्षा व निष्ठा की शपथ दिलाई गयी।



### अत्याधुनिक उपकरणों का आकर्षक प्रदर्शन

कार्यक्रम में मांकड्रिल की तरह दिखाया गया कि किस तरह संयंत्र के अंदर और शहर के रिहायशी इलाके में भंयकर आग लगने पर जांबाज फायर फाइटर साहस से आग बुझाते हुए फंसे हुए कर्मियों व लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लेते हैं।कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए जागरूकता-वर्धन और प्रदर्शन भी किए गए। फायर ब्रिगेड के बहादुर फायर फाइटरों ने हौसले और समर्पण का परिचय देते हुए अग्नि उपकरणों का प्रदर्शन किया। गोदाम और वेयरहाउस अग्निकांड, पटाखा दुर्घटनाएं, प्राथमिक अग्निशमन, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) का उपयोग, विभिन्न प्रकार के अग्निशामकों का संचालन, रसोई एवं एलपीजी सिलेंडर अग्निकांड, पेट्रोकेमिकल आग की रोकथाम तथा हाई-एक्सपेंशन फोम के उपयोग जैसे तकनीकी अभ्यास शामिल थे।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए महापात्र ने किया सम्मान

प्रदर्शन के बाद उत्कृष्ट सेवा देने वाले अग्निशमन कर्मियों एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। अग्निशमन कर्मी भीमेश कुमार पांडेय व लीडिंग फायरमैन गुलशन कोठारी को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए 'सर्वश्रेष्ठ फायरमैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, प्रबीर कुमार सरकार, राकेश कुमार, कमल भास्कर, अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधकगण सहित वरिष्ठ अधिकारी, संयंत्र कर्मी, उनके परिजन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री महापात्र ने बॉम्बे डॉकयार्ड के 66 वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राकेश कुमार ने भी जागरुकता का आह्वान किया। मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) देबदत्त सतपथी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीके महापात्र ने विभाग की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत में दमकल विभाग की गतिविधियों का जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन फायर स्टेशन अधिकारी सारिका गहाने एवं लीडिंग फायरमैन प्रमोद राठौर और अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री एस.बी. धावस ने आभार प्रदर्शन किया।

### दुर्ग में निकाली गई जागरुकता रैली



**दुर्ग।** अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग द्वारा मंगलवार को अग्निशमन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अग्निशमन कार्यालय दुर्ग से निकली रैली शहर के प्रमुख स्थानों जेल तिराहा, इंदिरा मार्केट, नेहरू नगर मार्केट और सेक्टर एरिया से होकर गुजरी। इस दौरान आम लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। रैली में घरेलू आगजनी की छोटी घटनाओं से निपटने के लिए घरों में अग्निशामक यंत्र रखने और उसके उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों में फायर सिस्टम और अग्निशामक उपकरण अनिवार्य रूप से लगाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के तहत मंगलवार से 20 अप्रैल तक जिलेभर में फायर डेमो आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, अपार्टमेंट, बाजार, घनी आबादी वाले क्षेत्र और फैक्ट्रियों में जाकर लोगों को आग से बचाव और आपातकालीन स्थिति में सही कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान अग्निशमन सहायक प्रभारी एफ. प्रवीण बारा, सहायक स्टेशन प्रभारी संतोष पांडेय, नगर सेना प्रभारी श्यामलाल देशमुख व कन्हैया साहू, एसडीआरएफ प्रभारी धनीराम यादव व ईश्वर खरे सहित अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीम मौजूद रही।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



सिंपल लुक में चाहिए ट्रेंडी...

लाइव इवेंट

## परशुराम जयंती 19 को, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का होगा आयोजन



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई नगर के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी ने किया, बैठक को संबोधित करते हुए लक्ष्मीकांत तिवारी ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी भगवान परशुराम की जयंती सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में 19 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 11 बजे से भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। जिसके बाद भोग लगाकर सभी के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर समाज के सदस्यों को सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने को कहा है। बैठक में अरुण पंडा, विनोद उपाध्याय, मुकुंद अवधूत, प्रकाश दास, अमरेश पाढ़ी, उर्मिला उपाध्याय, संध्या मंडलोई, रविन्द्र साहू, प्रवीण मार्डिकर, राधाकांत पांडे, राघवेंद्र पाठक, पंकज पाठक, गजेंद्र पंडा, शीतल दुबे, लक्ष्मी नारायण विश्वा, शरद दुबे, संजय शर्मा, श्रीराम कुलकर्णी, डॉ अरुण शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजेश शर्मा, शीतल दुबे, अशोक शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, रविन्द्रत शाही, सीमा तिवारी, कमलेश मंडलोई, सूर्यकांत पांडे, प्रमोद कुमार शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।



लाइव इवेंट

## हनुमान चालीसा पाठ के साथ सेवा कार्य की हुई शुरुआत



**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए ओजस महिला समिति ने सेवा की मिसाल पेश करते हुए लगातार 11वें वर्ष प्याऊ का संचालन प्रारंभ किया। ओजस महिला समिति के तत्वावधान में प्याऊ का शुभारंभ हनुमान चालीसा के पाठ के साथ किया गया। समिति पिछले 11 वर्षों से निरंतर यह सेवा कार्य करते हुए राहगीरों को मटके का ठंडा पानी उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर चने का प्रसाद एवं शर्बत का भी वितरण किया गया।दोपहर की भीषण गर्मी में लोगों को शीतलता प्रदान करने के लिए समिति की महिलाओं ने स्वयं उपस्थित रहकर शर्बत पिलाया। विशेष बात यह रही कि डिस्पोजल का कचड़ा यहां-वहां न फैले और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक के बजाय स्टील के गिलास का उपयोग किया गया और गिलास धोने का कार्य भी समिति की सदस्याओं ने सेवाभाव से किया। समिति की महिलाओं का कहना है कि मानव सेवा ही माधव सेवा होती है और इस प्रकार के कार्यों से जो आत्मसंतोष मिलता है, वह शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इस सेवा कार्य में समिति अध्यक्ष ललिता सिंह के साथ मनीषा सिंहा, रेखा दिव्या सिंह, सुनीता सिंह, संजय सिंह, प्राची सिंह, मंजू सावता, सरिता यादव, सुषमा सिंह, स्नेहलता मिश्रा, दुर्गा अधिकारी, स्नेहल पिंपले, पदमा वर्मा, अर्चना सर्राफ, मंजू सोनी, कांती वर्मा, जमुना भट्ट, पर्णिता शर्मा, विनीता पांचाल, श्यामली, रचना सिंह, अंजली बिषेन, उमा साहू, ईश्वरी, चंदना, अर्चना बाजंड, अल्का शर्मा, नीलिमा भगत, कल्याणी ठाकुर, सुमन सिंह, सुनीता सौनी, सीमा तिवारी, माया यादव सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।



## बैसाखी पर्व पर शरबत और प्रसाद वितरण

**भिलाई।** पंचशील पंजाबी एसोसिएशन भिलाई द्वारा बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य पर 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे से सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 5 चौक में शरबत और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। सुबह से दोपहर एक बजे तक सेंट्रल एवेन्यू से गुजरने वाले लगभग हर व्यक्ति ने शरबत और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पंचशील पंजाबी एसोसिएशन भिलाई के संरक्षक नरेश खोसला, अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा, सलाहकार अजय भसीन, जितेंद्र उप्पल, राम ओबराई, राकेश मल्होत्रा, भूषण अधलखा आदि मौजूद थे। आयोजन के बाद पर्यावरण और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए साफ सफाई भी की गई। महा सचिव जितेंद्र उप्पल ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम पंजाबी पैलेस, मंदिर रोड, सेक्टर-5 में रविवार से शुरू होगा और जून अंत तक किया जाएगा।

● बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक, उनके विचारों को हर घर तक पहुंचाने की जरूरत

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर दुर्ग भिलाई में निकाली गई शोभायात्रा, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को जगह-जगह कार्यक्रम हुए। भिलाई में सेक्टर-6 स्थित सामाजिक भवन, कोसानगर, रिसाली सहित अन्य जगहों पर बाबा साहेब की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। वहीं दुर्ग में बुद्ध विहार शंकर नगर, बीजेपी कार्यालय, सौभाग्य कॉम्प्लेक्स नया बस स्टैंड में प्रमुख कार्यक्रम हुए। आयोजन में समाज के सभी प्रमुखजन, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।**



## देश की एकता और अखंडता का आधार है अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान

**भिलाई।** डॉ. अंबेडकर प्रतिमा प्रबंध समिति पावर हाउस भिलाई द्वारा राज्य स्तरीय जयंती मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल सहित पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक रिकेश सेन, तुलसी साहू, शंकर लाल देवांगन, प्रेमचंद अरुण बौद्ध सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री उषा बारले ने अपनी प्रसिद्ध पंडवानी गायन प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। उनकी शानदार प्रस्तुति पर उपस्थित जनसमूह ने भरपूर सराहना की। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा पद्मश्री उषा बारले को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील हरीशचंद्र रामटेके रहे। विधायक रिंकेश सेन ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि संविधान के कारण ही उन्हें समाज की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। बाबा साहेब ने देश को समानता का अधिकार दिया और जातिगत भेदभाव को समाप्त करने का मार्ग दिखाया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान देश की एकता और अखंडता का आधार है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के सपनों को साकार किया जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को एक सूत्र में बांधकर सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और हम सभी को उसके मूल्यों का सम्मान करना चाहिए।

## डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर विधिक जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**दुर्ग।** भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायालय दुर्ग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा न्यायालय परिसर में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों, उनके संघर्षमय जीवन एवं भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करने में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के सिद्धांत आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं तथा प्रत्येक नागरिक को उनके आदर्शों को आत्मसात कर न्यायपूर्ण समाज की स्थापना में योगदान देना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा एक विशेष विधिक जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत आमजन को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने हेतु प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्सको जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रवाना किया गया।

आयोजित विधिक साक्षरता शिविरों में पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा आम नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, नेशनल लोक अदालत, महिला एवं बाल संरक्षण, श्रमिक अधिकार, तथा सामाजिक न्याय से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही आम नागरिकों को उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु उपलब्ध कानूनी उपायों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।



## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ, भिलाई द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. प्रदीप चौधरी ने बताया कि इस शिविर में वृद्धजनों के संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण के साथ निःशुल्क दवा वितरण और निःशुल्क ब्लड टेस्ट की व्यवस्था कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। समाजसेवी प्रकाश गेड़ाम तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी योगेंद्र सिंह का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी, रायपुर संभाग प्रभारी डॉ. अनुज खरे, जिला भिलाई के सह संयोजक शेखर ताम्रकार, रोशन साहू, पोषण देवांगन आदि उपस्थित थे।



## कलेक्ट्रेट परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अंबेडकर की 135वीं जयंती



**दुर्ग।** समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग में स्थापित डॉ. बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा के समक्ष डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के अनेक पदाधिकारीगण, जन समुदाय व विभिन्न राजनीतिक दलो के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

जयंती समारोह को संबोधित करते हुए अरूण वोरा पूर्व विधायक दुर्ग ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर और उनके द्वारा बनाया गया भारत का संविधान देश की अनमोल धरोहर है। धीरज बाकलीवाल पूर्व महापौर दुर्ग ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के देश हित में किए गए महान कार्यो का ऋण भारत कभी नही चुका सकता। अखिल भारतीय एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ना सिर्फ दलितों के जीवन उद्धारक थे बल्कि महिलाओं सहित पूरे देश के विकास में महती योगदान दिया। वे एक महान अर्थशास्त्री व श्रमिकों के नेता थे। संयुक्त मोर्चा छग के प्रदेश अध्यक्ष कौशल वर्मा ने कहा कि ओबीसी वर्ग को जागरूक होकर कर्मकांड अंधविश्वास से परे होकर आम्बेडकरवाद को अपनाना ही उनके विकास के लिए एकमात्र विकल्प है।

## बीएसपी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महात्मा गांधी कला मंदिर में जयंती कार्यक्रम का आयोजन बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग एवं बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी संघ द्वारा किया गया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेक्टर-6 स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी कार्यपालक निदेशकों सहित एबी श्रीनिवास, महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर, महाप्रबंधक विकास चंद्रा उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत सांकरा में अंबेडकर जयंती



**भिलाई।** ग्राम पंचायत सांकरा में भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच रवि सिंगौर, उपसरपंच रामशरण बंधे, सचिव ईश्वर निषाद, दिलेश्वर सिंगौर, कृष्णा सिंगौर, घनश्याम चंद्राकर सहित अन्य ग्रामीण जन मौजूद थे।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दुर्ग में धूम धाम से मनाया गया वैसाखी पर्व

# गुरुद्वारे में सबद-कीर्तन कर किया गुरुओं का बखान संगत ने छका लंगर और सेवादारों ने की सेवा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बैसाखी पर्व एवं खालसा पंथ के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को ट्विनसिटी के गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मत्था टेका।

बैसाखी का पर्व सभी स्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 4 बजे से ही सबद-कीर्तन गूंजायमान रहे। सुबह 9 बजे अखंड पाठ की समाप्ति हुई। सेक्टर 6 गुरूद्वारा, नेहरू नगर, दुर्ग सहित सभी गुरुद्वारों में हम चाकर गोबिंद के बच्चों ने भी रसमय कीर्तन कर गुरुओं का बखान किया। बैसाखी के अवसर पर सुबह 4 बजे से लंगर बनाने की सेवा शुरु हुई। जिसमे सभी ने मिलकर लंगर में सेवा की।

कार्यक्रम में स्थानीय रागी जत्था के सदस्यों ने संगत को बैसाखी पर्व का महत्व बताया और एक से बढ़कर एक शबद कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भावविभोर कर दिया। गुरुवाणी के मधुर स्वर से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालु कीर्तन में झूमते नजर आए और गुरु के संदेशों को आत्मसात किया।





## अतिथियों ने लंगर में की सेवा



बैसाखी के अवसर पर सभी गणमान्य जनों ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। सभी ने संगत के साथ बैठकर गुरु का लंगर छंका। इस मौके पर खालसा पंथ की स्थापना के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और गुरु साहिब के त्याग और बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम के अंत में अरदास के बाद गुरु का लंगर वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



## सिटी इवेंट

# विद्यार्थियों को नशा और साइबर अपराध से बचने दी गई जानकारी



**भिलाई।** युवाओं को जागरूक करने के लिए दुर्ग पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में चौकी अंजोरा पुलिस द्वारा अपोलो कॉलेज अंजोरा में एक संयुक्त जनजागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े अहम पहलुओं की जानकारी दी गई।

- अंजोरा अपोलो कॉलेज में पुलिस का जागरूकता सेमिनार

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कॉलेज प्रबंधन की मौजूदगी में करीब 250 छात्र-छात्राएं और स्टाफ शामिल हुए। सेमिनार के दौरान विश्वास अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों और इससे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही डायल 1933 और मानस पोर्टल की जानकारी देते हुए छात्रों को अवैध नशे की सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। साइबर टीम ने भी छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बताए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करना चाहिए, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर जागरूक किया। हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, सुरक्षित ड्राइविंग और नियमों के पालन की अहमियत को विस्तार से समझाया गया। वहीं दुर्ग रक्षा टीम ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय और आपातकालीन सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के सेमिनार का उद्देश्य युवाओं को सही दिशा देना और उन्हें जागरूक नागरिक बनाना है। कार्यक्रम के जरिए न सिर्फ जानकारी दी गई, बल्कि जिम्मेदारी का एहसास भी कराया गया। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नशे से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी डायल 1933 पर दें। साथ ही साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 पर संपर्क करें और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

### चैत्र और बैशाख महीने के साथ बंगाली और मलयाली सहित कई समाजों का नया साल शुरू

# सतुआन पर स्नान व दान कर पूर्वजों का लिया आशीर्वाद नई फसलों की खुशी में आज वीशु और पोइला बोइशाख

**भिलाई।** भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में सतुआन का पर्व मंगलवार को मनाया गया। इस लोकप्रसिद्ध त्योहार सत्तु संक्रांति या सतुआन पर्व पर दान-पुण्य कर पूर्वजों से आशीर्वाद लिया गया। नई फसल की खुशी में सिखों द्वारा बैसाखी का पर्व भी मनाया गया। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार बैसाखी को हर साल 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाता है। वहीं आज यानी बुधवार को तमिल व मलयाली समाज राजा महाबली के आने की खुशी में वीशु और बंगाली समाज पोइला बोइशाख बंगाली नववर्ष का पहला दिन सेलिब्रेट करेंगे। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस बार सत्तू संक्रांति, जिसे सतुआन भी कहा जाता है, इस दिन 14 अप्रैल को सूर्य मीन राशि से अपनी उच्च की राशि मेष राशि में प्रवेश किया। इस दिन परंपरानुसार लोगो ने सतुआन में चना का सत्तू, गुड़ और आम का टिकोरा सेवन किया। ज्योतिष के अनुसार साल में एक ऐसा अवसर आता है जब सूर्य अत्यधिक प्रभावशाली हो जाते हैं, इस सूर्य का प्रभाव ना केवल पूरे विश्व पर पड़ता है बल्कि हर वर्ग, व्यक्ति और व्यापार पर भी खासा असर देखने को मिलता है। यह अवसर वैसे तो 15 मई तक रहेगा, लेकिन 25 अप्रैल तक अत्यधिक सूर्य प्रभावशाली रहेंगे।




### दान करने से बढ़ता है कांफिडेंस

ज्योतिषीय दृष्टि से चने के सत्तू का संबंध सूर्य, मंगल और गुरु से भी माना जाता है। कालपुरुष में सूर्य आत्मा हैं, मंगल शक्ति, साहस और धैर्य हैं वहीं गुरु ग्रह ज्ञान का प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए सतुआन के दिन यदि चने का सत्तू, गुड़ और जल से भरे घट का दान किया जाए तो कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ता है, किसी भी कार्य को करने की क्षमता में वृद्धि होती है और अच्छी दिशा में लोकोपकार कार्य करने की प्रवृत्ति डेवलप होती है जिसकी वजह से व्यक्ति का समाज में यश और सम्मान बढ़ता है, इसलिए आज सूर्य के मेष राशि में आने पर स्टुडेंट्स से लेकर व्यापारियों को भी सत्तू और गुड़ जरूर खाना चाहिए।



### नव वर्ष पर आज भिलाई नगर कालीबाड़ी में भक्ति और संगीत का संगम



बंगाली नव वर्ष के अवसर पर 15 अप्रैल को सेक्टर-6 स्थित भिलाई नगर कालीबाड़ी में इस बार आस्था, परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कालीबाड़ी प्रबंधन द्वारा सुबह 7 बजे से विशेष पूजा-अर्चना की भव्य व्यवस्था की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पूरे दिन चलने वाली पूजा-अर्चना के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए शाम को भोग प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है, जिससे भक्तजन धार्मिक वातावरण में नववर्ष का स्वागत गीत संगीत से कर सकें। नव वर्ष के इस खास मौके पर कालीबाड़ी परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। वहीं, शाम होते ही माहौल पूरी तरह से संगीतमय रंग में रंग जाएगा। 15 अप्रैल की रात 8 बजे से आयोजित म्यूजिकल नाइट में गायक सूजन और तुषिता अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

**ओपन एयर थिएटर में सांस्कृतिक प्रस्तुति आज :** पोइला बैशाख बंगाली नव वर्ष के अवसर पर भिलाई बंगाली समाज बीबीएस द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 15 अप्रैल बुधवार को शाम 7:30 बजे से ओपन एयर थिएटर सिविक सेंटर में किया गया है। इस खास मौके पर सुपर सिंगर सीजन-3 के विजेता, सारेगामापा फेम प्लेबैक सिंगर प्रणय मजूमदार अपनी टीम के साथ लाइव प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सांस्कृतिक संध्या का आनंद लें और नव वर्ष का स्वागत उत्साह के साथ करें।

### शुभ कार्य शुरू फिर भी 20 तक करना होगा इंतजार

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आ गये थे, इस कारण एक माह के लिए खरमास लग गया था जो 14 अप्रैल को समाप्त हो गया और नूतन गृहप्रवेश एवं विवाह के शुभ मुहूर्त आरंभ हो जाएंगे। लेकिन अभी भी 20 अप्रैल तक थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। अप्रैल माह में 7 दिन 21, 21, 25, 26, 27, 28, 29 और मई में 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13 और 14 मई, जून माह में 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29 जून और जुलाई में 1, 6, 7, 8 तक ही विवाह के शुभ मुहूर्त है।

### सूर्य कृपा का प्राप्त होता है लाभ

संक्रांति जन्य पुण्यकाल में यदि किसी भी नदी अथवा जलाशय के तट पर पितरों का स्मरण कर सत्तू, गुड़ और काला तिल 11 रुपए का दान किया जाए तो जन्मकुंडली में बने पितृदोष समाप्त होते है, जिसकी वजह से रोग अथवा अपमृत्यु का भय समाप्त होता है साथ ही ऐसा करने से सूर्य कृपा का लाभ प्राप्त होता है।

## सिटी इवेंट

# जैन मिलन चुनाव 2026- संजय सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित



**भिलाई।** जैन मिलन के वर्ष 2026 से 2029 तक के तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव जैन भवन सेक्टर-6 में अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी अशोक पहाड़िया और ज्ञानचंद जैन के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराई गई।

- तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव जैन भवन सेक्टर-6 में हुआ

चुनाव में कुल 44 प्रत्याशियों की उपस्थिति के बीच अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में संजय चतुर ने सर्वसम्मति से 28 वोट प्राप्त कर विजय हासिल की और अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन सहित जिनेंद्र जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, कमल जैन, आनंद कोचर, वीरेंद्र जैन, जितेन सुराणा, नवीन टाटिया, सुनील जैन, संपतलाल जैन, जितेंद्र जैन, संतोष बाकलीवाल, संजीव जैन, मुकेश बाकलीवाल, अशोक जैन, संदीप जैन, आशीष जैन, निर्मलचंद जैन, प्रशांत जैन, राजेश जैन, अनुपम जैन, सुरेश जैन, प्रदीप बोबड़े सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभा में उपस्थित सदस्यों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजय चतुर को शुभकामनाएं देते हुए नई प्रबंध कार्यकारिणी के गठन 15 दिनों में घोषित किये जाने की बातें कही।

कार्यक्रम के अंत में मुकेश जैन ने आभार व्यक्त किया। वहीं चुनाव अधिकारी ने चुनाव से पूर्व सदस्यों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का समाधान करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### पेटेंट प्रस्तुति में पाया प्रथम स्थान

# फार्मा अन्वेषण 2026 में मिला प्रथम पुरस्कार, स्वास्थ्य मंत्री ने किया पुरस्कृत

**भिलाई।** प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तरीय आयोजन फार्मा अन्वेषण 2026 में भिलाई स्थित रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी के डॉ. पराग जैन और डॉ. कृष्णा यादव ने पेटेंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल

- रूंगटा यूनिवर्सिटी की दो फार्मेसी फैकल्टी हुए सम्मानित



विश्वविद्यालय के अंतर्गत यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का विशेष सहयोग रहा।

इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षाविद, शोधकर्ता और छात्र शामिल हुए, जिन्होंने फार्मास्यूटिकल साइंस के क्षेत्र में अपने नवाचार, शोध कार्य और पेटेंट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नए विचारों को मंच प्रदान करना और शोध को प्रोत्साहित करना था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच डॉ. जैन और डॉ. यादव ने अपने उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण और अभिनव सोच के दम पर पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन देश में स्वास्थ्य सेवाओं और शोध को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही पीसीआई के अध्यक्ष डॉ. मोंटू एम पटेल ने नवाचार और अनुसंधान को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस उपलब्धि रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि यह जीत संस्थान में उच्च स्तरीय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के प्रति समर्पण को दर्शाती है। साथ ही यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को भी प्रेरित करेगी कि वे नए विचारों के साथ आगे आएं और देश के विकास में योगदान दें। संस्थान के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, सीईओ सोनल रूंगटा और डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन ने हर्ष व्यक्त किया।

### सांई भक्तों का आयोजन


# बाबा साहेब की जयंती पर छात्रों को वितरित किया स्टेशनरी



### कूलर, कापी, पेन का किया वितरण

**भिलाई।** बाबा साहेब अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सांई भक्तो द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला विवेकानंद नगर, केम्प-2, संकुल हाऊसिंग बोर्ड भिलाई में कूलर और सभी विद्यार्थियों को कॉपी, पेन सहित स्टेशनरी के सामान वितरित किये गए। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस सेवाकार्य में स्वामी, रामकृष्ण सेन, झुमुकलाल मेरावी, राजेन्द्र कुमार, जयराम, दिनेश सोनी, बिसम, शंकर लाल, दिनू, मोहन लाल हिरवानी, संदीप उरकुडे, शिवकुमार, जोसफ, देवकी बाई सहित अनेक सांई भक्त शामिल थे।

# जगतगुरु आद्य शंकराचार्य जयंती समारोह 26 को



**भिलाई।** गोस्वामी समाज द्वारा 26 अप्रैल को छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज पंजीयन क्रमांक 1657 की आयोजित बैठक दुर्ग में हुई। बैठक में निर्णय लिया कि प्रांतीय स्तर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के स्वाभिमान एवं गौरव के प्रतीक भगवान आद्य गुरु शंकराचार्य स्वामी का प्राकट्य उत्सव समारोह 26 अप्रैल को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित है। यह जानकारी भारतद्वाज गिरी गोस्वामी ने दी।

### 15 से 18 अप्रैल तक जूनियर और 20 से 23 अप्रैल तक जूनियर बालक स्पर्धा

# 87वीं इंटर स्टेट जूनियर और यूथ नेशनल प्रतियोगिता की छग टेबल टेनिस टीम घोषित, दिखाएंगे दमखम

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में उत्तराखंड टेबल टेनिस संघ द्वारा देहरादून उत्तराखंड में 15 से 23 अप्रैल तक यूटीटी 87वीं इंटर स्टेट जुनियर एवं यूथ नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें 15 से 18 अप्रैल तक जुनियर बालिका एकल-युगल और यूथ बालिका टीम,एकल-युगल वर्ग तथा 20 से 23 अप्रैल तक जुनियर बालक एकल-युगल और यूथ बालक टीम,एकल-युगल वर्ग की प्रतियोगिता होगी।




### टीम में ये है शामिल

छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम में यूथ बालक अंडर-19 अर्जुन मल्होत्रा, एंड्रूयू टी विलियम्स, यशवंत डेकाटे, दीक्षांत कुमार जांगड़े, यूथ बालिका अंडर-19 समाया पांडे, प्रज्ञा पाठक, लावण्या पांडे, सिया मेघानी, जुनियर बालक अंडर-17 में अर्जुन मल्होत्रा, आर्यन कुमार सिंह, दीक्षांत कुमार जांगड़े, रेयांश पाहवा, जुनियर बालिका अंडर-17 में समाया पांडे, वेदी कछवाहा, लावण्या पांडे, सिया मेघानी है।



### राज्य के जूनियर एवं यूथ बालक एवं बालिका टीम की घोषणा की गई

इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के जुनियर एवं यूथ बालक एवं बालिका टीम की घोषणा की गयी। इस अवसर पर विशेष अतिथि महामाया स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश अग्रवाल, पदाधिकारी विनय बैसवाड़े, प्रदीप जोशी, प्रवीण निरापुरे सहित सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य कि जूनियर और यूथ बालिका टीम सोमवार को रवाना हुई। वहीं जुनियर एवं यूथ बालक टीम 17 अप्रैल को रवाना होगी। टीम के कोच पीएस हरीश, मेनेजर गीतांजली पाठक है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंपायर अजीत बेनर्जी को चुना गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सी सी एफ सी क्लब ऑल इंडिया इन्विटेशन कप में छत्तीसगढ़ महिला टीम चैंपियन



**भिलाई।** सी सी एफ सी क्लब एवं सायकल पोलो एसोसिएशन ऑफ बंगाल द्वारा कलकत्ता में आयोजित सीसीएफसी आल इंडिया इन्विटेशन कप में महिला वर्ग का फाइनल मैच छत्तीसगढ़ एवं केरल के मध्य खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने केरल को 14-05 के बड़े स्कोर से पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की। छत्तीसगढ़ से खेलने वाली पूनम ने सर्वाधिक 6 गोल किए, वहीं लक्ष्मी ने 4 गोल, खुशबू एवं रागिनी ने 2-2 गोल किए। पुरुष वर्ग में तीसरे स्थान के लिए भारतीय प्रादेशिक सेना एवं छत्तीसगढ़ के मध्य मैच खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम 13-3 के स्कोर से पराजित हुई। पुरुष वर्ग में भारतीय वायु सेना प्रथम एवं भारतीय थल सेना द्वितीय स्थान पर रही। इस सफलता पर भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के कोषाध्यक्ष तोषेंद्र वर्मा, भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह, बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव और दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ के सचिव शशांक देशमुख ने हर्ष जताया है।

### नेशनल रग्बी सेवेन्स चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम रवाना



**रायपुर।** रग्बी इण्डिया एवं बिहार रग्बी एसोसिएषन द्वारा सीनियर नेशनल रग्बी सेवेन्स (महिला एवं पुरूश) चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स राजगीर, बिहार में 16 अप्रैल से 21 अप्रैल के बीच किया जा रहा है। इस सीनियर नेशनल रग्बी सेवेन्स चैम्पियनशिप में उच्च स्थान प्राप्त करने वाली 7 टीमें ''नेशनल गेम्स'' के लिये क्वालिफाई होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर रग्बी सेवेन्स महिला टीम के खिलाड़ी भाग ले रहे है। छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा समस्त प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। छत्तीसगढ़ टीम साऊथ बिहार एक्सप्रेस से रवाना हुई। खिलाड़ियों में जागृति (कप्तान), हेमा प्रजापति (वाईस कप्तान),स्नेहा तिग्गा, निधि सिंह, ईशा किरण किंडो, अल्ता एक्का, सवित्री मरावी, पूर्णिमा नायक, रूक्मणि पटेल, सानिया यादव, साक्षी, मोनिका एवं कोच-अपूर्व सिंह ठाकुर और मैनेजर - संस्कार राजीव देवांगन शामिल हैं।

### हेमचंद विश्वविद्यालय की खो-खो टीम आल इंडिया स्पर्धा में भाग ले रही



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की खो-खो पुरूष टीम 12 से 16 अप्रैल को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित आल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुई। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी व कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई। टीम के खिलाड़ियों को किट प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि खो-खो पुरूष टीम का प्रशिक्षण शिविर शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई में आयोजित कराया गया। टीम के मैनेजर शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के क्रीड़ाधिकारी लोकेश्वर ठाकुर व एन.आई.एस कोच केशरी नंदन साहु होंगे। टीम में दुर्गेश कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय, दुर्ग,लक्ष्यदीप बंजारे शासकीय महाविद्यालय, दुर्ग, अंकुश सिंह शासकीय महाविद्यालय, दुर्ग, सेजल कुमार शासकीय महाविद्यालय, दुर्ग, चमन कुमार शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, विकास कुमार शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, राजदीप साहू मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, तरूण देवांगन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, ओमप्रकाश साहू शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, राहुल कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, विमल टंडन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, वेदप्रकाश कल्याण पीजी महाविद्यालय भिलाई नगर, राकेश कुमार साहू शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, थामलेश्वर शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी और चोमेश कुमार शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगांव शामिल है।

---

### डॉक्टर से जानें लू लगने के लक्षण, बचाव के घरेलू उपाय और जरूरी सावधानियां


# तेज गर्मी के बीच हीट स्ट्रोक से बचने बरतें सावधानी, इस मौसम में जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

तेज गर्मी ने इन दिनों सभी को परेशान किया हुआ है। अप्रैल की शुरुआत में ही पारा 40 के पास पहुंच रहा है। तेज गर्मी के बीच, हीट स्ट्रोक से बचना जरूरी है। लू लगने के लक्षण क्या है, इससे बचाव करने में कौन-से घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं, चलिए एक्सपर्ट से समझते हैं।

इन दिनों गर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है और पारा रोज ऊपर की ओर बढ़ रहा है। अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी के मारे बुरा हाल हो चुका है और पारा भी कई जगह 40 के आस-पास पहुंच चुका है। ऐसे में मई-जून में गर्मी क्या रिकॉर्ड तोड़ेगी, इसे लेकर अभी से सभी के मन में चिंता के बादल छाए हुए हैं। तेज गर्मी का असर हमारी सेहत पर भी होता है। तपिश वाले मौसम का असर, शरीर के हर अंग पर होता है और ऐसे में अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के महीनों में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी हो जाता है। हीट स्ट्रोक क्या है, गर्मी के मौसम में इससे कैसे बचना चाहिए, लू लगने पर शरीर में क्या लक्षण नजर आते हैं और किन घरेलू नुस्खों से आप खुद को इससे बचा सकते हैं, चलिए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। इस बारे में डॉ. रंगा संतोष कुमार कंसल्टेंट जनरल फिजिशियन जानकारी दे रहे हैं।



हीट स्ट्रोक के क्या लक्षण होते है? गर्मियों के मौसम में अधिक तापमान, सेहत के लिए खतरा बन जाता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी है। जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है और खुद को ठंडा नहीं कर पाता है, तो हीट स्ट्रोक होता है। ऐसा हाई टेम्परेचर में बहुत अधिक समय तक रहने या अधिक एक्सरसाइज के कारण होता है। इसके लक्षणों को समय पर पहचानकर, तुरंत इलाज करने से खतरे को कम किया जा सकता है। लू लगने पर स्किन लाल हो जाती है, दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सिर में दर्द होता है, उल्टी महसूस होती है, मांसपेशियों में दर्द होता है और पसीना अधिक आता है। हीट स्ट्रोक की वजह से कई बार काम करने में और किसी चीज पर ध्यान देने में भी मुश्किल होती है।



इसकी वजह से बेहोशी भी आ सकती है।

### हीट स्ट्रोक से बचने के लिए क्या करें?

हीट स्ट्रोक से बचने के लिए खुद को हाइट्रेट रखना बहुत जरूरी है। दिन भर अधिक से अधिक पानी पिएं। शुगर वाली ड्रिंक्स, कॉफी और एल्कोहल से दूर रहें। इनसे डिहाइड्रेशन हो सकता है। अगर आप कोई फिजिकल एक्टिविटी कर रहे हैं, तो इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर ड्रिंक्स जरूर लें। हवादार, हल्के रंग के और ढीले-ढाले कपड़े पहनें। इनसे शरीर ठंडा रहता है। वहीं, टाइट और गहरे रंग के कपड़े हीट को सोखते हैं और शरीर को गर्म रख सकते हैं।

धूप में अधिक समय न बिताएं। दिन में आउटडोर फिजिकल एक्टिविटी न करें। फिजिकल एक्टिविटी सुबह या शाम के वक्त करें। बाहर निकलते वक्त खुद को यूवी रेज से प्रोटेक्ट करने के लिए, टोपी और चश्मे पहनें। सनस्क्रीन भी जरूर लगाएं। दिन में 10 बजे से 4 बजे के बीच घर के अंदर ही रहें। इस समय पर गर्मी अधिक होती है। जब आप बाहर जाएं, तो पेड़ों या छाते की छाया में ही रहें और सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें। बाहर काम या एक्सरसाइज करते वक्त खुद को एकसाथ ज्यादा न



थकाएं और थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक जरूर लें। बच्चे, बड़े-बुजुर्गों और जिन लोगों को पहले से कोई बीमारी है, उनका ज्यादा ख्याल रखें क्योंकि उन्हें गर्मी से जुड़ी बीमारियां जल्दी घेर सकती हैं। बच्चों को फॉर्मूला मिल्क या ब्रेस्ट मिल्क से हाइड्रेट रखें और उन्हें हल्के कपड़े पहनाएं।

डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक का मुख्य कारण है। ऐसे में दिन भर खूब सारा पानी पिएं। आप जूस, हेल्दी ड्रिंक्स को भी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं। अगर आप कोई डाइयूरेटिक या एलर्जी के लिए कोई दवाई ले रही हैं, तो डॉक्टर से जरूर बात करें क्योंकि ये दवाईयां आपकी गर्मी के प्रति अधिक संवेदनशील बना देती हैं।

### लू से बचने में मदद करेंगे ये घरेलू उपाय

तुलसी के बीजों या बेसिल सीड्स में कूलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। इन्हें पानी में भिगोएं और खाएं। ये गर्मी से होने वाली दिक्कतों को भी कम करते हैं। पुदीने की पत्तियों को पानी में उबालें और ठंडा होने दें।

## नेगेटिव एनर्जी को घर से दूर रखने मुख्य द्वार पर करें नमक का छोटा सा उपाय

वास्तु शास्त्र और ज्योतिष के अनुसार, किसी भी घर का मुख्य द्वार सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश का मुख्य स्रोत माना जाता है। यदि घर के मुख्य द्वार से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह अधिक होता है, तो यह पारिवारिक शांति, आर्थिक स्थिति और सुख-समृद्धि पर बुरा असर डाल सकता है। कई बार लोग अनजाने में ऐसी ऊर्जा को आमंत्रित कर लेते हैं, जिससे घर में कलह, मानसिक अशांति और आर्थिक समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इसे रोकने के लिए प्राचीन ग्रंथों में नमक के उपाय को अत्यधिक प्रभावशाली माना गया है। नमक न केवल भोजन का स्वाद बढ़ाने के लिए उपयोगी होता है, बल्कि यह एक शक्तिशाली ऊर्जा शुद्धिकरण तत्व भी होता है। इसे घर के मुख्य द्वार पर सही तरीके से रखने से नकारात्मक शक्तियां घर के भीतर प्रवेश नहीं कर पाती हैं और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।



यदि आपके घर में बिना कारण तनाव, झगड़े, मानसिक तनाव या धन हानि जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो यह छोटा सा नमक उपाय आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मुख्य द्वार पर नमक का प्रयोग किस तरह करें ताकि घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। आइए सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें नमक के एक आसान उपाय के बारे में जिससे आपके घर के भीतर आने वाली नेगेटिव एनर्जी को रोक सकते हैं।

ऊर्जा के प्रवाह से आपके जीवन में क्या असर हो सकता है

वास्तु शास्त्र के अनुसार, किसी भी घर में प्रवेश करने वाली ऊर्जा उसके निवासियों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। मुख्य द्वार घर का ऐसा स्थान होता है, जहां से न केवल लोग, बल्कि ऊर्जा भी भीतर प्रवेश करती है। यदि यह ऊर्जा सकारात्मक होती है, तो घर में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति बनी रहती है। घर के सदस्यों के बीच मधुर संबंध होते हैं, मानसिक तनाव कम होता है, और आर्थिक रूप से भी तरक्की के योग बनते हैं।

इसके विपरीत, यदि घर के मुख्य द्वार से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश अधिक हो, तो यह कई प्रकार की समस्याओं को जन्म दे सकता है। परिवार के सदस्यों में अक्सर विवाद होने लगते हैं, मानसिक अशांति बढ़ जाती है और आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। कई बार व्यक्ति कड़ी मेहनत करने के बावजूद धन संचित नहीं कर पाता या अनावश्यक खर्चों में फंस जाता है। इसके अलावा, नकारात्मक ऊर्जा स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को भी जन्म दे सकती है।

मुख्य द्वार पर करें नमक का एक आसान उपाय

वास्तु शास्त्र में नमक को एक शक्तिशाली शुद्धिकरण तत्व माना गया है, जो न केवल नकारात्मक ऊर्जा को सोखने में सक्षम होता है, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को भी बढ़ाता है। इसी कारण प्राचीन काल से ही घर की सफाई में नमक के पानी का उपयोग किया जाता रहा है। अगर आपके घर में बार-बार कलह, आर्थिक तंगी या मानसिक तनाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, तो हो सकता है कि वहां नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव हो। इस स्थिति से बचने के लिए मुख्य द्वार पर एक सरल और प्रभावी उपाय किया जा सकता है।

## गर्मियो में चुकंदर को इस तरह से करें डाइट में शामिल



गर्मियों में सेहतमंद रहना बेहद जरूरी हो जाता है। आप चुकंदर यानि बीटरूट को डाइट का हिस्सा बनाकर हाइड्रेशन के साथ ऊर्जावान रह सकते हैं। इससे शरीर को ताकत मिलती है। आप इन तीन तीरों से बीटरूट को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

चुकंदर की तासीर ठंडी होती है और इसमें हाइड्रेटिंग गुण होते हैं, तो इसे सलाद के रूप में डाइट में शामिल करें। आप खीरा टमाटर के साथ चुकंदर को भी स्लाइस में काट लें। उसपर नींबू का रस,काला नमक डाल कर खाएं। यह न स्वादिष्ट लगेगा, बल्कि पाचन तंत्र को भी फायदा पहुंचाएगा।

### चुकंदर रायता

आप चुकंदर का रायता भी खा सकते हैं। चुकंदर और दही एक बेहतरीन संयोजन है। इसके लिए आप चुकंदर को कद्दूकस कर लें। इसमें दही मिलाएं। अब राई, हींग, करी पत्ते और सरसों के तेल में तड़का लगाकर चुकंदर वाले मिश्रण में डाल दें। इससे पेट को ठंडक भी मिलती है और हाजमा भी ठीक रहता है। इसे खाने से शरीर को ताकत भी मिलेगी, क्योंकि चुकंदर आयरन का बेहतरीन स्रोत है,जिससे खून बढ़ाने में मदद मिलती है।

### चुकंदर कंजी

आप चुकंदर की कंजी भी पी सकते हैं। यह गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने और ताजगी देने के लिए बेहतरीन विकल्प है। इससे स्किन को भी फायदा होता है। इसके लिए आप चुकंदर को पतले पतले आकार में काट लें। इसे एक कांच के बरतन में डाल दें।

---



## विकल्प के नॉट आउट 84, यश के 55 रन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 23 चार दिवसीय सिलेक्शन मैच के दूसरे दिन मंगलवार को शानदार मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में बल्लेबाजी करते हुए ईस्ट जोन अपने कल के स्कोर 4 विकेट पर 277 से आगे खेलते हुए 317 रन बनाकर आउट हो गई।

■ अंडर- 23 चार दिवसीय सिलेक्शन मैच राज्य के अलग-अलग शहरों में जारी

अम्बरेश सिंह ने 111 रन और पुरुषोत्तम चौहान ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन के भावेश साहू ने 4, विकल्प तिवारी एवं आदित्य अग्रवाल ने 2-2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने पहली पारी में 9 विकेट पर 227 रन बनाए। कप्तान विकल्प तिवारी ने नॉट आउट 84 रन, उपेंद्र यादव ने 45 रन, जितेश कुमार वर्मा ने 24 रन, वी वैभव ने 23 रन और कृष चोपड़ा ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन के सौम्या केसरी एवं आशीष कोरी ने तीन-तीन विकेट लिए।

आरडीसीए रायपुर में हुए मुकाबले में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन का मैच हुआ। बल्लेबाजी में साउथ जोन टीम पहली पारी तीन विकेट पर 25 रन से आगे खेलते हुए 269 रन बनाकर आउट हो गई। तेजस मोरे ने 108 रन बनाएं। गेंदबाजी में वेस्ट जोन के भरत गोंडवानी,समर्पित एवं भविष्य थपियाल ने तीन-तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 105 रन बनाए। यश कुमार वरदा ने नॉट आउट 55 रन और कृष्णा टांक ने नॉट आउट 20 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन के दर्शित, दिवाकर ताम्रकार एवं सूर्यकांत तिवारी ने एक-एक विकेट लिए।

### चैलेंजर ट्रॉफी में हुए शानदार मुकाबले

सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को राज्य के अलग-अलग शहरों में विभिन्न टीम के बीच मुकाबले हुए। रघुराज स्टेडियम बिलासपुर में टीम साउथ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में परिणाम सेंट्रल जोन ने एक विकेट से जीत हासिल की। रेलवे स्टेडियम बिलासपुर में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में नॉर्थ जोन ने सात विकेट से जीत हासिल की। इसी तरह छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के पहले दिन का मैच मंगलवार को हुआ। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 टीम सरगुजा विरुद्ध धमतरी का मैच हुआ।

### अंडर-19 में खेलेंगी धमतरी की बेटियां



छत्तीसगढ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 टी-20 (महिला) चैलेंजर ट्रॉफी में धमतरी की 3 बालिकाओं का तीन विभिन्न जोन की टीम में चयन हुआ है । अंडर-19 टी-20 (महिला) चेलेंजर ट्राफी का आयोजन 16 अप्रैल से दुर्ग में किया जा रहा है। अंडर-19 टी-20 (महिला) चेलेंजर ट्राफी के ईस्ट जोन में चंचल साहू, नार्थ जोन में वर्षा साहू तथा साऊथ जोन में बबिता हिरवानी का चयन हुआ है। चयनित तीनो खिलाड़ी जिला क्रिकेट संघ द्वारा संचालित प्रशिक्षण शिविर में कोच अनुप्रिया शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं. जिला क्रिकेट संघ द्वारा पी.जी.कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम धमतरी में 01 अप्रेल से डयूज बॉल क्रिकेट समर केम्प का आयोजन किया जा रहा है।उक्त समर केम्प में धमतरी जिले के लगभग 100 से अधिक 09 वर्ष से 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक/बालिकाऐं लाभ ले रहे हैं। समर केम्प अजय बाबर एवं सकुश गुप्ता के सानिध्य में तथा कोचद्वय अनुप्रिया शर्मा एवं सजल चंद्राकर के मार्गदर्शन में चल रहा है।-

---

कार्नर न्यूज

### 21वीं राष्ट्रीय कैडेट फेंसिंग चैम्पियनशिप उत्तराखंड के लिए तैयार हो रहे खिलाड़ी

# छत्तीसगढ़ के तलवारबाज उतरेंगे राष्ट्रीय मुकाबले में

**भिलाई।** उत्तराखंड फेंसिंग (तलवारबाजी) एसोसिएशन द्वारा फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 21वीं राष्ट्रीय कैडेट फेंसिंग चैम्पियनशिप (बालक एवं बालिका-17 वर्ष से कम) का आयोजन रुद्रपुर (उत्तराखंड) में 23 मई से 28 मई तक किया जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य की कैडेट बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेगी।

उक्त राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की कैडेट बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम के गठन हेतु 12 अप्रैल को इस्पात क्लब सेक्टर-1, भिलाई में चयन स्पर्धा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस चयन ट्रायल में दुर्ग जिला, रायपुर जिला, जांजगीर-चाम्पा जिला, बिलासपुर जिला, भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्ग नगर निगम, रायपुर नगर निगम के 36 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इसी तरह फॉयल बालिका वर्ग में स्नेहा यादव (भिलाई इस्पात संयंत्र), अंशिका यादव (भिलाई इस्पात संयंत्र), गीतांजलि सिंह (दुर्ग जिला), धारणा ठाकुर (दुर्ग जिला) और सैबर बालिका वर्ग में वाणी साहू (दुर्ग जिला), तोजेशवानी मोहिले (दुर्ग नगर निगम) और आकांक्षा सिंह (जांजगीर-चंपा जिला) शामिल हैं।



राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले फेंसरों के प्रशिक्षण के लिए कोचिंग कैंप का आयोजन भिलाई फेंसिंग क्लब, इस्पात क्लब सेक्टर-1, भिलाई में 01 मई से 20 मई तक किया जायेगा। इस कैम्प के दौरान चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की तैयारी हेतु तकनीकी मार्गदर्शन और शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस प्रकाश (आईएएस), चेयरमैन सुनील अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, उपाध्यक्ष बशीर अहमद खान, महासचिव समीर ख़ान और कोषाध्यक्ष अखिलेश दुबे सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन में सहयोग देने वाले सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है, साथ ही राज्य टीम को आगामी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

### प्रदर्शन के आधार पर चयनित हुए संभावित तलवारबाज



चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन तकनीकी अधिकारियों और चयन समिति द्वारा किया गया। मुख्य चयनकर्ता एन आई एस कोच व्ही. जॉनसन सोलोमन, प्रवीण कुमार एवं मोहनीश वर्मा थे। चयन स्पर्धा में चयनित संभावित खिलाड़ियों में ईपी बालक वर्ग में श्रेयांश गुप्ता (दुर्ग जिला), वीर कुमार गुप्ता (भिलाई नगर निगम), कृष्ण (दुर्ग जिला), गिरीश कुमार (दुर्ग जिला), हिमांशु बंजारे (रायपुर जिला) फॉयल बालक वर्ग में अंश साहू (रायपुर जिला), जी. आदित्य (भिलाई इस्पात संयंत्र), आरुष पिल्लई (भिलाई नगर निगम), प्रबल प्रताप राठौड़ (दुर्ग जिला) सैबर बालक वर्ग में आदित्य वैश्य (रायपुर जिला), हुशंग यादव (दुर्ग जिला), ऋषेक कंवर (जांजगीर-चंपा जिला), आरव सिंह (भिलाई नगर निगम) ईपी बालिका वर्ग में प्रिया बंजारे (दुर्ग जिला), लीजा महंत (जांजगीर-चाम्पा जिला), विशु वर्मा (जांजगीर-चांपा जिला) और अवनि पात्रो (भिलाई इस्पात संयंत्र) शामिल हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मिस्टर बीस्ट के यूट्यूब चैनल को लेकर चर्चा, फैंस को हुआ शक

दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूबर्स में से एक मिस्टर बीस्ट ने 1 अप्रैल को एक ऐसा पोस्ट किया, जिसने इंटरनेट पर हलचल मचा दी। मिस्टर बीस्ट ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह अपना यूट्यूब चैनल डिलीट करने जा रहे हैं। जैसे ही यह पोस्ट सामने आया, फैंस हैरान रह गए और कुछ देर के लिए तो लोगों को यकीन ही नहीं हुआ। इसके बाद फैंस परेशान हो गए ये सोचकर कि ऐसा क्या हो गया जिस वजह से उन्हें ऐसा कदम उठाना पड़ा। साथ ही फैंस इसके पीछे की वजह खोजने लगे। मिस्टर बीस्ट के फैंस का कहना है कि इतने बड़े क्रिएटर का अचानक चैनल डिलीट करने का फैसला लेना काफी अजीब है। कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए लिखा कि यह जरूर 1 अप्रैल का मजाक है।



कुछ लोगों ने तो यह भी कहा कि मिस्टर बीस्ट अपने मजेदार और बड़े प्रैंक्स के लिए जाने जाते हैं, इसलिए यह भी उसी का हिस्सा हो सकता है।

सिर्फ फैंस ही नहीं, बल्कि कई सेलेब्रिटीज और इंटरनेट पर्सनालिटीज भी इस पोस्ट को मजाक के तौर पर देख रहे हैं। उनका मानना है कि मिस्टर बीस्ट जैसा क्रिएटर अपने करोड़ों सब्सक्राइबर्स वाला चैनल यूं ही नहीं छोड़ सकता। फिलहाल मिस्टर बीस्ट की तरफ से इस पोस्ट को लेकर कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं आया है कि यह सच है या मजाक।

### टॉलीवुड

## राम चरण ने दिया दिलचस्प जवाब; परिवार को बताया अपनी दुनिया


राम चरण ने हाल ही में अपने बच्चों और अपने परिवार के बारे में कई बातें बताई हैं। उन्होंने पेरेंटिंग पर भी बात की है। उन्होंने बताया है कि वह किस तरह के पिता हैं। साउथ के बेहतरीन एक्टर राम चरण अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेद्दी' में व्यस्त हैं। वह तीन बच्चों के पिता हैं। उनकी दो बेटियां हैं और एक बेटा है। हाल ही में उन्होंने पेरेंटिंग पर बात की है। अभिनेता ने अपने बच्चों को अपनी धड़कन बताया है। उन्होंने सख्त पिता होने के बारे में भी बात की है। उनसे पूछा गया कि वह सख्त पिता हैं या फिर मजेदार। इस पर उन्होंने जवाब दिया, 'मैं एक सख्त किस्म का पिता हूं। ऐसा पिता जो उन्हें कूदने, मिट्टी में खेलने, चढ़ने और रिस्क लेने देता है। उनकी मां उन्हें प्यार-दुलार देती हैं और जब उन्हें हिम्मत चाहिए होती है, तो वे मेरे पास आते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सबसे बड़ा सबक अपने माता-पिता को देखकर सीखते हैं। मैं ऐसा इंसान बनना चाहता हूं जो हमेशा मौजूद रहे। मैं ऐसा पिता बनना चाहता हूं जो अपने बच्चों के लिए हमेशा मौजूद रहे। मेरे पालतू जानवर और मेरा अपना परिवार... यही मेरी दुनिया है। मैं अपनी दुनिया को थोड़ा छोटा और सीमित रखने की कोशिश करता हूं।' राम और उपासना की सगाई 2011 में हुई थी। उन्होंने 2012 में शादी कर ली। इस जोड़े के पहले बच्चे, क्लिन कारा का जन्म 2023 में हुआ। जनवरी 2026 में, उपासना ने जुड़वा बच्चों- एक लड़का और एक लड़की को जन्म दिया। बच्चों के नाम शिव राम कोनिडेला और अनवीरा देवी कोनिडेला है।



### भोजपुरी

## अक्षरा ने सुनाया भोजपुरी रैप, वीडियो शेयर कर कहा- थोड़ा स्वैग थोड़ा फायर

अक्षरा सिंह ने भोजपुरी में एक मजेदार रैप गाया है। अपना ये वीडियो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा कार के बोनट पर बैठकर थोड़ा रैप गाती और थोड़ा स्वैग दिखाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो पर उन्हें फैन्स से भरकर तारीफें मिल रही हैं। यहां बता दें कि भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह का नया गाना 'चुम्मा लेला राजा जी' हाल ही में रिलीज हुआ, जिसे लोगों ने काफी पसंद भी किया। अब अक्षरा को रैप गाते देखकर लोगों ने उनकी जमकर तारीफ की है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर लिखा है, 'थोड़ा स्वैग थोड़ा फायर, बाकी सब ऑटोमैटिक।' इस वीडियो में कार से नीचे उतरकर भी अक्षरा अपने अंदाज में रैप करती दिख रही हैं। लोगों ने उनकी तारीफ करते हुए कहा है, 'भोजपुरी इंडस्ट्री को अक्षरा बॉलीवुड के टक्कर में ला रही हैं। एक और ने कहा- ये है अक्षरा वाली स्वैग, जिसके सामने सब फीका हो जाता है। बता दें कि हाल ही में अक्षरा सिंह ने सोशल मीडिया पर अपने नए गाने 'चुम्मा लेला राजा जी' का वीडियो शेयर किया था। गाने की सफलता के पीछे सिर्फ म्यूजिक और लिरिक्स ही नहीं, बल्कि अक्षरा सिंह की मेहनत और परफॉर्मेंस भी एक बड़ी वजह है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए वीडियो में अक्षरा ने बताया कि इस गाने के लिए उन्होंने कितनी मेहनत की है। वीडियो में अक्षरा सिंह डांस प्रैक्टिस करती नजर आ रही हैं। क्लिप में पूरा सेटअप दिखाई दे रहा है, जिसमें उनकी पूरी टीम मौजूद है और हर कोई डांस के मूव्स को परफेक्ट बनाने में जुटा हुआ है।



### लड़कपन का फैशन

लाइफ स्टाइल



2026 में, किशोरों का फैशन पहले से कहीं अधिक तेज़ी से विकसित हो रहा है, जिसमें पुरानी यादें, तकनीक और आत्म-अभिव्यक्ति रोज़मर्रा की शैली में समाहित हो रही हैं। फैशन जगत के फैशन शो और सोशल मीडिया फीड अब एक दूसरे से सहज रूप से जुड़े हुए हैं, और आउटफिट न केवल मॉल और थ्रिफ्ट स्टोर से, बल्कि ऑनलाइन माइक्रो-ब्रांड, रीसेल ऐप और यहां तक कि एआई-सहायता प्राप्त स्टाइलिंग टूल से भी चुने जा रहे हैं।

## मेकअप किट में जरूर होने चाहिए ऐसे लिपस्टिक शेड


कुछ लिपस्टिक शेड्स ऐसे होते हैं जिनका फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इनको आप कभी भी और किसी भी मौके पर लगा सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ही लिपस्टिक शेड्स दिखाने जा रहे हैं, जो कि हर लड़की की मेकअप किट में जरूर होने चाहिए।

मेकअप करना हर लड़की को पसंद होता है। वहीं मेकअप करते हुए हमें सभी चीजों की ओर ध्यान देना होता है। तब जाकर हम खुद को सुंदर बना पाते हैं। एक महिला मेकअप करने के बाद अलग ही लुक में नजर आती है। ऐसे में कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनको यदि आपने मेकअप के दौरान नहीं लगाया तो आपका फेस काफी फीका लगने लगता है। ऐसी ही एक चीज का नाम आज हम बताने जा रहे हैं।

मेकअप में लिपस्टिक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बिना हमारा लुक कंप्लीट नहीं होता है। आप चाहे कितना भी मेकअप क्यों न कर लें जब तक आप एक बढ़िया सा लिपस्टिक शेड नहीं लगाती हैं तो फेस बहुत डल लगता है। फिर चाहे ऑफिस हो या पार्टी एक अच्छा लिपस्टिक शेड हमारे सुंदरता में चार-चांद लगा देता है। मार्केट में वैसे तो आज कई लिपस्टिक शेड्स आ रहे हैं, लेकिन कुछ शेड्स ऐसे होते हैं, जो कि एवरग्रीन होते हैं।

### ब्राउन लिपस्टिक शेड

ब्राउन एक ऐसा कलर हैं जिसको हर उम्र की महिला पसंद करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। जिनको आप अपनों चॉइस के हिसाब से ले सकती हैं। ऐसे में ब्राउन लिपस्टिक शेड आप ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकती हैं। ब्राउन शेड शेड यंग गर्ल्स की पहली पसंद होता है। ऐसे में



ब्राउन कलर अपनी किट में आप जरूर रखें।

### वाइन लिपस्टिक शेड

आजकल वाइन लिपस्टिक शेड काफी ट्रेंड में है। ऐसे में यदि आपकी स्किन टन ब्राइट है तो वाइन कलर का लिपस्टिक शेड जरूर ट्राई करें। नाइट और डे दोनों फंक्शन में यह आपको अट्रैक्टिव लुक देता है। यदि आपको यह शेड ज्यादा डार्क लगता है तो इसमें कोई लाइट कलर का शेड मिक्स करके इसे थोड़ा लाइट कर सकती हैं।

### न्यूड लिपस्टिक शेड

न्यूड लिपस्टिकशेड को काफी समय से पसंद किया जा रहा है। अधिकतर लोग ऑफिस तया कैजुअल लुक लिए इसे ज्यादा पसंद करते हैं।

## सिंपल लुक में चाहिए ट्रेंडी टच, तो स्टाइल करें डिजाइनर कुर्तियां



कुर्ती कई सारे खास मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और कुर्ती में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आता है। वहीं अगर आप सिंपल और सोबर लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती सिंपल लुक पाने के लिए बेस्ट आप्शन है और ऐसा इसलिए क्योंकि जहां महिलाएं रॉयल लुक पाने के लिए सूट या साड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो, वहीं कुर्ती आप डेली वियर साथ ही ऑफिस या किसी पार्टी या फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी लेकिन, अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप ये 5 तरह की डिजाइनर कुर्तियांस्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती काफी ट्रेंड में है साथ ही, सिंपले आर सुदंर लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।



सिंपल लुक पाने के लिए आप इस तरह की चंदेरी प्रिंटेड कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती पफ और हाफ स्लीव्स में आती है और इस तरह की कुर्ती में आपका लुक सुंदर और स्टाइलिश नजर आएगा। इस तरह की कुर्ती आप ऑफिस जाने के दौरान स्टाइल कर सकती है और इसे आप 400 से 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस चंदेरी प्रिंटेड कुर्ती के साथ पर्ल वर्क वाले झुमके स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।




### फ्लोरल प्रिंट कुर्ती

फ्लोरल प्रिंट आउटफिट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और अगर आप फ्लोरल प्रिंट कुछ पहनने का सोच रही हैं। तो, आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। इस कुर्ती में आप ऑफिस या कहीं घूमने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह की कुर्ती आपको 600 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस फ्लोरल प्रिंट के साथ आप सिल्वर झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

## आसान स्टेप्स में घर पर करें गुलाब फेशियल, पाएं ग्लोइंग

टीवी और अखबार में रोज ही किसी नई क्रीम, फेस पैक और दूसरे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का विज्ञापन देखते हैं। इन्हें देखकर हमारे मन में भी बेदाग दमकती हुई त्वचा पाने का लालच आता है। मगर क्या वाकई बाजार में मिलने वाले केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स इतने प्रभावी होते हैं कि उन्हें लगाते ही चेहरे में ग्लो आ जाता है? नहीं यह केवल एक मिथ है। इनमें से कुछ अगर ऐसा होते भी हैं, जिन्हें लगाने के बाद चेहरे पर ग्लो आता है तो वो केमिकल बेस्ड ही होते हैं। ऐसे में आपकी त्वचा में क्षणिक चमक तो आ जाती है, मगर इसके साइड इफेक्ट्स भी कम नहीं होते हैं। ऐसे में आपको अगर चेहरे पर नेचुरल ग्लोच चाहिए तो आप गुलाब के फूल से कुछ आसान स्ट्रेप्स में फेशियल कर सकती हैं। फेशियल की प्रक्रिया का सबसे पहला स्टेच है चेहरे को गुलाब जल से साफ करें। यह गुलाब जल आप बाजार से भी खरीद सकती हैं और चाहें तो घर पर भी बना सकती हैं। इसे बनाने की प्रक्रिया बहुत ही आसान है-

वैसे तो आप 2 दिन तक गुलाब के फूल को पानी में डिप करके रखें और छान कर उसे एक स्प्रे बॉटल में डाल लें। इसे आप डायरेक्ट मुंह में लगा सकती हैं। मगर हम आपको एक स्पेंशल गुलाब जल के बारे में बता रहे हैं, जो आपके लिए एक बहुत अच्छी टोनर का काम करेगा।




इसके लिए आपको एक गिलास पानी में 2 दिन तक गुलाब की पंखुड़ियों को डिप करके रखें और फिर उसके पानी को छान लें और फिर उसमें अन्य सामग्रियां मिलाएं। अब आप नींबू का रस, ऑलिव ऑयल आदि भी इस मिश्रण में डालें। फिर आप इसे टोनर की तरह इस्तेमाल करें और चेहरे को साफ करें।

## साड़ी के साथ बालों में लगाएं मांग टीका, देखें सुंदर डिजाइंस

शादी का सीजन जारी है। ऐसे में हर किसी ने अपने लिए अलग-अलग डिजाइन के कपड़ों की शॉपिंग तो कर ही ली है। लेकिन ज्वेलरी भी अच्छे डिजाइन वाली चाहिए होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। कई सारे लोग मांग टीका अपने लहंगे के साथ लगाना पसंद करते हैं। लेकिन आप इसे चाहें तो साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के मांग टीका को ट्राई कर सकती हैं।

### पर्ल डिजाइन वाला मांग टीका

आप अपनी साड़ी लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप पर्ल डजाइन वाले मांग टीका को लगा सकती हैं। इस तरह के मांग टीका लगने के बाद काफी अच्छे लगेंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा अच्छा नजर आएगा। इसे आप अपने सेट के साथ मैचिंग करके भी अपने बालों में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक काफी सुंदर दिखेगा। मार्केट में आपको ये सेट या सिंगल भी मिल जाएगा।



### राजस्थानी स्टाइल मांग टीका

राजस्थान में भी मांग टीका काफी शुभ माना जाता है। हर तीज-त्योहार पर इसे लगाया जाता है। आप भी इसे साड़ी के साथ लगा सकती हैं। इसे आप गोल्ड से लेकर आर्टिफिशियल डिजाइन में खरीदें। फिर इसे अपनी साड़ी के कलर से मैच करके बालों में लगाएं। इसे लगाने से आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा। साथ ही, आप अट्रैक्टिव नजर आएंगी। मार्केट में आपको इस तरह के मांग टीका अलग-अलग डिजाइन में मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

### तपिश भरे मौसम में खुद को स्टाइलिश दिखाने अपनाएं जरूरी टिप्स

## गर्मियों में कूल रहने के लिए सिर्फ कपड़े ही नहीं और भी बातों का रखना होता है ध्यान, पसीने से भी होगा बचाव

गर्मी के मौसम में कूल दिखने और अच्छा महसूस करने के लिए हमेशा कॉटन के हल्के रंग के कपड़े पहनें। अगर आपको वर्क वाले आउटफिट्स पसंद हैं तो कढ़ाई के बजाय प्रिंटेड आउटफिट खरीद लें। गर्मी के मौसम ने दस्तक दे दी है। पंखे की हल्की ठंडक के बीच रजाई-कंबल के साथ ही स्वेटर-जैकेट भी फिर से पैक हो गए हैं। कुछ लोग हर मौसम में अपने वॉर्डरोब का मेकओवर करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो जानिए समर फैशन के बारे में। गर्मियों में हमेशा हल्के रंगों के कपड़े पहनें,इस मौसम में कॉटन फैब्रिक बेस्ट माना जाता है, अपने लुक को कैप और सनग्लासेस से कंप्लीट करें।

### समर फैशन में क्या है हिट

गर्मियों में ज्यादातर लोग कॉटन के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। कॉटन यानी सूती कपड़े पहनने में हल्के होते हैं और पसीना भी कम आता है। गर्मी के मौसम में कूल रहने के लिए हमेशा सूती कपड़े ही पहनने चाहिए। ऑफिस जाने के लिए लड़के कॉटन की हाफ स्लीव शर्ट और टीशर्ट ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने



कलेक्शन में व्हाइट टीशर्ट भी रख सकते हैं। उसके ऊपर शर्ट पेयर कर आप बहुत स्टाइलिश लगेंगे।

### समर सीजन में कैसे पहनें कपड़े

सिर्फ कॉटन या समर फैशन के अनुकूल कपड़े खरीदने भर से आप कूल नहीं हो सकते हैं। अगर आप गर्मियों में वाकई ठंडक महसूस करना चाहते हैं तो आपको अपने कपड़ों को सही तरीके से पहनने का तरीका भी मालूम होना चाहिए।

### ढीले कपड़ों से मिलेगा आराम

गर्मी के मौसम में ढीले कपड़े पहनने चाहिए। कई लोग बहुत टाइट कपड़े पहन लेते हैं, जिसकी वजह से उनको काफी पसीना आता है। दरअसल टाइट कपड़ों से त्वचा कस जाती है, जिसके बाद पसीना और ज्यादा निकलने लगता है। साथ ही आर्मपिट्स और दूसरी जगहों की स्किन भी छिल जाती है। इसलिए गर्मी के सीजन में कभी भी टाइट कपड़े नहीं पहनने चाहिए। आप टी-शर्ट, शर्ट, जींस, ट्राउजर में से जो भी पहनते हों, उसे लूज ही रखें। इससे आप कंफर्टेबल महसूस करेंगे।

### गंजी पहनना है सबसे जरूरी

कई लोगों को बनियान/गंजी पहनने की आदत नहीं होती है। वे सीधे शर्ट या टी-शर्ट पहन लेते हैं। गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए सूती की गंजी जरूर पहननी चाहिए। इससे आपके शरीर से निकलने वाला पसीना भी सूख जाएगा।

### हैवी वर्क वाले कपड़ों से हो जाएंगे परेशान

समर सीजन में फैब्रिक के साथ-साथ वर्क का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इस मौसम में हमेशा ऐसे कपड़े पहनें, जिन पर वर्क कम या न के बराबर हो। अगर आपको सादा कपड़े पहनना पसंद नहीं है तो बिना वर्क वाले प्रिंटेड आउटफिट्स खरीद लें। इस मौसम में कढ़ाई या किसी भी तरह के वर्क वाले आउटफिट बिल्कुल न पहनें। गर्मी के मौसम में ब्लैक, ब्राइट रेड, डार्क ब्राउन या दूसरे डार्क कलर सही नहीं माने जाते हैं। समर सीजन में व्हाइट, ग्रे, ऑलिव ग्रीन, स्काई ब्लू जैसे रंगों के कपड़े पहनें। ज्यादा गहरे रंग के कपड़े पहनने पर गर्मी का अहसास भी ज्यादा होगा।

